


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 जोकोविच ने मुसेट्टी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया | सम्पादकीय | महंगाई को देखते हुए सांसदों की... | शून्य पर आउट होते ही ग्लेन मैक्सवेल ने... 5

वर्ष 12 अंक 28 E-mail: dholpur@hotmail.com | जयपुर, गुरूवार 27 मार्च 2025 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8


# रेप को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट की टिप्पणी को सुप्रीम कोर्ट ने माना असवेंधनशील

### सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें एचसी ने कहा था कि नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट पकड़ना और उसके पायजामे के नाड़े को तोड़ना रेप या अटेम्प्ट टु रेप नहीं है।

जस्टिस बीआर गवई और एजी मसीह की बेंच ने बुधवार को इस केस पर सुनवाई की। बेंच ने कहा, हाईकोर्ट के ऑर्डर में की गई कुछ टिप्पणियां पूरी तरह असंवेदनशील और अमानवीय नजरिया दिखाती हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र, उत्तर प्रदेश सरकार और अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने कहा- यह बहुत गंभीर मामला है और जिस जज ने यह फैसला दिया, उसकी तरफ से बहुत असंवेदनशीलता दिखाई गई।

हमें यह कहते हुए बहुत दुख है कि फैसला लिखने वाले में संवेदनशीलता की पूरी तरह कमी थी।

केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- सुप्रीम कोर्ट का फैसला पूरी तरह से सही है। कुछ फैसलों को रोकने के कारण होते हैं।

एक दिन पहले सुप्रीम कोर्ट ने खुद नोटिस लिया था दरअसल, एक दिन पहले मंगलवार को स्ट ने हाईकोर्ट के फैसले पर खुद सुनवाई करने का फैसला किया था। इस फैसले पर कानूनी विशेषज्ञों, राजनेताओं और अलग-अलग क्षेत्रों के एक्सपर्ट्स के विरोध के बाद सुप्रीम कोर्ट सुनवाई कर रहा था।

हालांकि, पहले इसी केस पर दायर एक याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया था। इस याचिका में जजमेंट के विवादित हिस्से को हटाने की मांग की गई थी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने क्या कहा था किसी लड़की के निजी अंग पकड़ लेना, उसके पायजामे का नाड़ा तोड़ देना और जबरन उसे पुलिया के नीचे खींचने की कोशिश से रेप या अटेम्प्ट टु रेप का मामला नहीं बनता।

## मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता, हम जो कहना चाहते हैं कहने नहीं देते - राहुल गांधी

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे फेज का 11वां दिन है। इस दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुझे लोकसभा में बोलने नहीं दिया जाता है। संसद अलोकतांत्रिक तरीके से चलाई जा रही है।उन्होंने कहा- विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं मिलता है। संसद केवल सरकार के लिए चल रही है। इस बीच विपक्ष के 70 सांसद लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। सांसदों ने स्पीकर से अपनी नाराजगी जताई।


राहुल गांधी ने कहा कि मुझे नहीं पता कि क्या हुआ। मैं खड़ा हुआ और कहा कि मुझे बोलने दीजिए। स्पीकर एक शब्द नहीं बोले, घूमकर चले गए। हाउस एडजर्न (सदन स्थगित) कर दिया गया।

मैंने कुछ नहीं किया मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। अभी भी मैंने एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन में मैंने कुछ नहीं बोला है। ये नया तरीका है। डेमोक्रेसी में सरकार और अपोजिशन (विपक्ष) की जगह होती है। यहां अपोजिशन की जगह है ही नहीं। यहां सिर्फ सरकार की जगह है।

उस दिन प्रधानमंत्री ने कुंभ मेले के बारे में बोला, मैं कहना चाहता था कि कुंभ बहुत अच्छा हुआ, बेरोजगारी के बारे में बोलना चाहता था, लेकिन बोलने नहीं दिया। पता नहीं इनकी क्या थिंकिंग (सोच), क्या अप्रोच है सच्चाई यही है कि हमें बोलने नहीं दिया जा रहा। हमारी मुख्य विपक्षी पार्टी है। मैं विपक्ष का नेता हूं। सदन बिल्कुल नॉन-डेमोक्रेटिक स्टाइल (अलोकतांत्रिक तरीके) से चलाया जा रहा है।

## मोदी सरकार में अरबपति बने खरबपति गरीब हुए कंगाल - मल्लिकार्जुन खड़गे

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार में आर्थिक असमानता इतनी भयावह स्तर पर है कि अरबपति, खरबपति बन चुके हैं और गरीब, कंगाल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस स्थिति के बीच सरकार ''सबका साथ, सबका विकास'' का ढिंढोरा पीटती फिर रही है। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, पिछले 78 वर्षों में किसी सरकार ने आम जनता को आर्थिक रूप से इतना कमज़ोर नहीं किया, जितना मोदी सरकार ने किया है। आर्थिक असमानता भयावह स्तर पर है। अरबपति, खरबपति बन चुके हैं, (और) गरीब, कंगाल हो रहे हैं। ब्रिटिश-राज के दौरान 1820 में मध्यम वर्ग की आमदनी की जो स्थिति थी, वही (स्थिति) आज हो गई है।''

उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकड़े बताते हैं कि भले ही वह कोई उन्नत डिग्री वाला व्यक्ति हो या कोई कुशल नौकरी कर रहा हो, फिर भी उसे दुनिया में सातवीं सबसे कम मजदूरी दी जाती है। खरगे ने दावा किया कि मजदूरी वृद्धि दर 2006 में 9.3 प्रतिशत थी, जो 2023 में घटकर 0.1 प्रतिशत रह गई है।

उन्होंने आरोप लगाया, ''कर की मार, महंगाई और आर्थिक कुप्रबंधन से मध्यम वर्ग, ग़रीब और उपेक्षित वर्ग सिमट रहा है तथा मोदी सरकार ''सबका-साथ, सबका विकास'' का ढिंढोरा पीटती फिर रही है।''



## पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पहुंची सीबीआई, आवास पर छापेमारी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कथित तौर पर 6,000 करोड़ रुपये के महादेव ऐप घोटाले के सिलसिले में बुधवार को छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आवास पर छापे मारे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये छापे कांग्रेस की एक बैठक के लिए बघेल की नयी दिल्ली की प्रस्तावित यात्रा से पहले मारे गए हैं। इस बीच, प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भाजपा ने बघेल से डरकर यह छापेमारी की है।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई की टीमों ने रायपुर और भिलाई में बघेल के आवास के साथ-साथ कुछ वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और पूर्व मुख्यमंत्री के एक करीबी सहयोगी के आवासीय परिसरों पर भी छापे मारे।

सीबीआई ने छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा से जांच का जिम्मा संभाला है। इससे पहले छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेता बघेल, ऐप के प्रमोटरों रवि उप्पल, सौरभ चंद्राकर, शुभम सोनी और अनिल कुमार अग्रवाल और 14 अन्य को अपनी प्राथमिकी में नामजद किया था। बघेल ने ईओडब्ल्यू की प्राथमिकी को राजनीति से प्रेरित करार दिया था।

मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने आरोप लगाया है कि जांच के दौरान छत्तीसगढ़ के कई शीर्ष राजनेताओं और नौकरशाहों की संलिप्तता का पता चला है। ईडी का दावा है कि यह ऐप एक व्यापक सिंडिकेट है, जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों के लिए उपयोगकर्ताओं की आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के माध्यम से धन शोधन के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों की व्यवस्था करता है।

## सपा सांसद रामजी लाल के घर पर हमला, आगरा में करणी सेना के कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर पहुंचे

### पथराव में 14 पुलिसकर्मी घायल

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। वहां जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए।

करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर रखी 40 से 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। मेन गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने की भी कोशिश की। कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। 14 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं।

बवाल के वक्त सांसद रामजीलाल सुमन दिल्ली में थे। वहीं, घटनास्थल से 1 किमी दूरी पर सीएम योगी का कार्यक्रम चल रहा था।

बैरिकेडिंग तोड़ी, एक्सप्रेस-वे से शहर में घुसे करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी। कार्यकर्ता जयश्री राम का नारा लगा रहे थे। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को रास्ते में रोकने की कोशिश की, लेकिन वे एक्सप्रेस-वे से शहर के अंदर घुस गए। इधर, सुरक्षा को देखते हुए सपा सांसद की सोसाइटी के दोनों गेट बंद करा दिए गए। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि कोई भी घर से बाहर नहीं निकलेगा।सपा और करणी सेना के कार्यकर्ता आपस में भिड़े करणी सेना के कार्यकर्ताओं के हंगामे को रोकने के लिए सपा कार्यकर्ता भी सांसद के घर पहुंच गए। उनकी करणी सेना के कार्यकर्ताओं से झड़प हुई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया। हालांकि फिर भी हालात संभाल नहीं पाए। कई थानों की फोर्स पहुंची, तब जाकर पुलिस कार्यकर्ताओं को खदेड़ पाई।

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरू सिंह ने X पर लिखा, राणा सांगा जी के सम्मान में आज आगरा में इतिहास लिखा गया। पुलिस ने लाठीचार्ज की, मेरा पैर टूट गया है।

वहीं, करणी सेना युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओकेंद्र राणा ने एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा- सांसद रामजीलाल सुमन ने क्षत्रिय समाज के महापुरुष के खिलाफ ओछी बात कही है। हमारे महापुरुष और पूर्वजों को कोई भी गाली दे जाता है। सांसद के आवास की हर ईंट पर राणा सांगा लिखना है। इस बार हम माफ नहीं करेंगे।

अगर माफी मांगनी है तो रुपवास में महाराणा सांगा के स्मारक पर नाक रगड़कर माफी मांगनी पड़ेगी।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने आतिशी के चुनाव को चुनौती देने वाली याचिका पर जारी किया नोटिस

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को आप नेता और पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी को हालिया विधानसभा चुनावों के दौरान कथित भ्रष्ट आचरण के आधार पर उनके निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर नोटिस जारी किया।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने भारत के चुनाव आयोग, दिल्ली पुलिस और कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को भी नोटिस जारी किया, जहां से आतिशी ने चुनाव जीता है।

अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 30 जुलाई की तारीख तय की है। सुनवाई के दौरान भारत के चुनाव आयोग और रिटर्निंग ऑफिसर के वकील ने याचिका में पक्षकार बनाए जाने पर आपत्ति जताई।

कमलजीत सिंह दुग्गल और आयुष राणा की याचिका में आतिशी के निर्वाचन को चुनौती दी गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि उन्होंने और उनके चुनाव एजेंटों ने चुनाव के दौरान भ्रष्ट आचरण अपनाया था।

अधिवक्ता टी सिंहदेव के माध्यम से दायर याचिका में चुनाव को अमान्य घोषित करने की मांग की गई है।

आतिशी ने कालकाजी सीट से अपने भाजपा प्रतिद्वंद्वी रमेश बिधूड़ी को 3,521 मतों से हराया। याचिकाकर्ता कालकाजी क्षेत्र के निवासी हैं।

चुनाव के लिए मतदान 5 फरवरी को हुआ और परिणाम 8 फरवरी को घोषित किये गए।



## वक्फ संशोधन बिल का नीतीश समर्थन कर रहे - लालू यादव

आर.एन.एस

**पटना।** पटना में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ बुधवार को गर्दनीबाग में मुस्लिम संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को आरजेडी का समर्थन मिला। धरनास्थल पर आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी पहुंचे। दोपहर बाद प्रशांत किशोर भी गर्दनीबाग पहुंचे और वक्फ बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया।

लालू यादव ने कहा- गलत हो रहा है। सरकार को देखना चाहिए। हम इसके विरोध में हैं। किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। नीतीश कुमार उन लोगों के साथ हैं, वो इस बिल का समर्थन कर रहे हैं। जनता सब समझ रही है।

वहीं, सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने कहा- किसी भी कीमत पर नागपुरिया कानून लागू नहीं होने देंगे। आप लोगों की लड़ाई में मजबूती से हम साथ हम खड़े हैं। आप लोग एक कदम चलिएगा तो हम चार कदम चलेंगे।

इस कानून को रोकने का काम करेंगे। कुछ लोग साजिश कर रहे हैं। देश को तोड़ने का काम किया जा रहा है।

## जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंची दिल्ली पुलिस की टीम, स्टोर रूम और आसपास की जगह की सील

आर.एन.एस



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पहुंचकर उनके स्टोर रूम और आसपास की जगह सील कर दी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि डीसीपी नई दिल्ली देवेश कुमार महला अपनी टीम के साथ घटना वाली जगह पर पहुंचे। आग लगने वाली जगह को जांच कमेटी के कहने पर सील किया है। दिल्ली पुलिस ने पूरे स्टोर रूम और आसपास की जगह का दौरा किया।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के सरकारी घर से कथित तौर पर आधी जली हुई नकदी मिलने के मामले में लगी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिका में मामले में दिल्ली पुलिस को एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की गई थी।चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ से वकील मैथ्यूज जे नेदुम्परा ने आग्रह किया कि याचिका को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि यह व्यापक जनहित से संबंधित है। इस पर सीजेआई ने कहा कि याचिका पर सुनवाई होगी। वकील ने दलील दी कि सुप्रीम कोर्ट ने सराहनीय काम किया है, लेकिन एफआईआर की जरूरत है। इस पर सीजेआई ने कहा, सार्वजनिक बयान न दें।

### एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग

मामले में एक महिला और सह-याचिकाकर्ता ने कहा कि अगर ऐसा मामला किसी आम नागरिक के खिलाफ होता तो सीबीआई और ईडी जैसी कई जांच एजेंसियां उसके पीछे लग जातीं। सीजेआई ने कहा, %यह काफी है। याचिका पर उसी के अनुसार सुनवाई होगी।% नेदुम्परा और तीन अन्य लोगों ने रविवार को एक याचिका दायर कर पुलिस को मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की है।

## गाजा में पहली बार हमास का विरोध, जंग से ऊब सड़कों पर उतरे हजारों फिलिस्तीनी

आर.एन.एस



**गाजा।** गाजा में पहली बार हमास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। मंगलवार को 3 जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए, जिसमें हजारों लोग शामिल हुए। लोगों ने हमास को आतंकी संगठन कहा और सत्ता छोड़ने की मांग की।

दरअसल, यहां के लोग इजराइल-हमास जंग से परेशान हो चुके हैं। सड़कों पर उतरे लोगों ने 'हमास बाहर जाओ, हमास आतंकी हैं', 'हम हमास को उखाड़ फेंकना चाहते हैं' के नारे लगाए। 'जंग खत्म करो' और 'फिलिस्तीन में बच्चे जीना चाहते हैं', लिखे पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। हमास के हथियारबंद लड़ाकों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों के साथ मार-पीट भी की और उन्हें अलग-थलग करने की कोशिश की। इन प्रदर्शनों के सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहे हैं।

### टेलीग्राम पर मिला था विरोध में शामिल होने का मैसेज

प्रदर्शनकारियों ने कतर की सरकार से फंडेड एक न्यूज चैनल को भी निशाने पर लिया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि हमास के विरोधियों ने टेलीग्राम पर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की थी, जिसके बाद लोग लामबंद हुए।

मोहम्मद नाम के एक व्यक्ति ने न्यूज एजेंसी,स्नक्क को बताया, ÷मुझे नहीं पता कि प्रोटेस्ट का आयोजन किसने किया। मैंने बस इसमें इसलिए हिस्सा लिया क्योंकि मैं जंग से थक चुका हूं। मोहम्मद ने पहचान होने के डर से अपना आखिरी नाम नहीं बताया।

## ईद की सेवइयां खिलाने के लिए, होली की गुजिया भी खानी होगी - सीओ अनुज चौधरी

### पीस कमेटी के सामने बोले संभल सीओ



**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल में जारी सांप्रदायिक तनाव के मद्देनजर बुधवार को कोतवाली थाने में पीस कमेटी की मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें सर्किल ऑफिसर (सीओ) अनुज चौधरी ने बहुत बेबाकी से अपने दिए गए बयानों का बचाव किया। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव के लिए जरूर कदम पुलिस द्वारा उठाए गए हैं. हमने दोनों पक्षों को ध्यान में रखकर अपना बयान दिया है। इस दौरान उन्होंने ये भी कहा, यदि आप ईद की सेवइयां खिलाना चाहते हैं, तो होली की गुजिया भी खानी होगी।

सीओ अनुज चौधरी ने कहा कि दोनों पक्षों को गुजिया खानी चाहिए. लेकिन यहां गड़बड़ हो जाती है. जब एक पक्ष नहीं खा रहा है और दूसरा पक्ष खा रहा है, तो यहां भाईचारा खत्म हो जाता है. बुधवार को संभल कोतवाली में पीस कमेटी की मीटिंग के दौरान उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व सुनिश्चित करना था. उनकी टिप्पणी निष्पक्ष थी. उन्होंने आगे कहा, यदि मेरा बयान इतना गलत था, तो हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जाना चाहिए था. उन्होंने मुझे सजा क्यों नहीं दिलाई।

# सेवा दिवस के रूप में मनाया जन्मदिन, किए विभिन्न आयोजन





हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** पूर्व राज्य मंत्री दर्जा एवं एससी आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष विकेश खोलिया के जन्म दिवस को क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की ओर से सेवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर मरीजों को निशुल्क परामर्श, गौ सेवा, बाल भोज, मंदिर दर्शन जैसे आयोजन किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह गौ सेवा के साथ की गई। खोलिया ने कार्यकर्ताओं के साथ जाकर गायों को हरा चारा और गुड़ खिलाया। इसके बाद चाकसू कस्बे के प्राचीन चम्पेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ की विशेष पूजा अर्चना कर महाआरती की गई। मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी आरती कर खोलिया के लिए मंगलकामनाएं की। एक निजी अस्पताल पर संचालक खोलिया का सम्मान कर केक काटा गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। पूर्व मंत्री खोलिया कार्यकर्ताओं के साथ शीतला माता मंदिर पहुंचे। यहां माताजी की पूजा अर्चना व प्रदक्षिणा कर जरुरत मंदों को उपयोगी सामग्री भेंट की। शीतला स्थित वृद्धाश्रम में खोलिया ने बुजुर्गों का सम्मान कर उनसे आशीर्वाद लिया और उनकी कुशल क्षेत्र भी ली। यहां बुजुर्गों के लिए सहभोज का आयोजन भी किया गया। मुख्य





समारोह मानव इंस्टीटयूशंस की ओर से मानव महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। यहां बडी संख्या में मौजूद चाकसू विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से आए कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने खोलिया को माला व साफे पहनाकर सम्मान किया। कई कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर मुंह भी मीठा कराया। वहीं मानव इंस्टीटयूशंस की ओर से केक कटवाकर खोलिया का जन्म दिन मनाया गया। कार्यक्रम में खोलिया ने सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के हित में कार्य करने एवं संगठित रहने का अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ है। यहां खोलिया की ओर से नन्हे-मुन्हे बालकों के लिए बाल भोज भी किया गया। भाजपा के स्थानीय व बाहरी कार्यकर्ताओं वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी खोलिया को शुभकामनाएं दी।

### ये रहे मौजूद

मानव इंस्टीटयूंशंस समूह की सचिवच निर्मला खोलिया, राहुल गुप्ता, महेश मेहंदवारिया, प्रीतम सैनी, महेन्द्र शर्मा, गिर्राज सिर्रा, मानव पीजी महाविद्यालय प्राचार्य हिमांशू सिंगड़ियाय, मानव बीएबीएड़ प्राचार्य डॉ. हंसराज मीना, उप प्राचार्य सीताराम बैरवा, उप प्राचार्य अर्चना सिंह नाग, महाविद्यालय कोर्डीनेटर राजेशा चौधरी, बीएबीढ़ कोर्डिनेटर मुकेश रानी चौधरी, ममता सैनी, गुड्डू शर्मा, अभिनंदन गंगवाल, अब्दुल हमीद कुश्तर, श्यामबाबू शर्मा, व अनिल चौधरी, सहित अन्य ने कार्यक्रम में शिरकत की।

### तीर्थ दर्शन को हुए रवाना

चाकसू में जन्म दिन के कार्यक्रमों के बाद विकेश खोलिया सप%ीक एवं कार्यकर्ताओं के साथ तीर्थ दर्शन के लिए गोवर्धन धाम की ओर रवाना हुए। वहां वे मथुरा कृष्ण मंदिर एवं वृंदावन बांके बिहारी के दर्शन कर आशीर्वाद लेंगे।

## एलडीसी भर्ती का परिणाम जारी, अंक- रिस्पॉन्स शीट, दस्तावेज सत्यापन कार्यक्रम का इंतजार



**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित कनिष्ठ सहायक/ लिपिक ग्रेड द्वितीय भर्ती 2024 के लिए दस्तावेज सत्यापन हेतु परिणाम जारी कर दिया गया है। परंतु अभी तक टाइपिंग व दक्षता परीक्षण टेस्ट के बाद उसकी रिस्पॉन्स शीट भी जारी नहीं की गई। टाइपिंग व दक्षता परीक्षण टेस्ट 21-24 जनवरी को आयोजित हुआ। टाइपिंग व दक्षता परीक्षण टेस्ट का/दस्तावेज सत्यापन हेतु परिणाम जारी कर दिया गया है, परंतु अभी तक यह नहीं बताया गया कि टाइपिंग व दक्षता परीक्षण टेस्ट में कितने अंक आएं हैं। परिणाम जारी हुए लगभग 10 दिन हो चुके परंतु अभी तक यह फिक्स नहीं है कि दस्तावेज सत्यापन कौन करवायेगा। क्योंकि यह भर्ती किसी एक विभाग की नहीं है यह शासन सचिवालय, आरपीएससी, अधीनस्थ 100+ विभागों की भर्ती होने के कारण दस्तावेज सत्यापन का कार्यक्रम कौन करवायेगा यह असंमजस है।

इस भर्ती में पदों की संख्या लगभग-लगभग 4197 है जिनमे सचिवालय 584 पद, आरपीएससी - 61, अधीनस्थ विभागों में 3552 पद हैं। टाइपिंग व दक्षता परीक्षण टेस्ट के समय कुछ अभ्यर्थियों के साथ टेक्निकल इश्यू ज्यादा आने के कारण उन्होंने कोर्ट केस कर रखा है। राजस्थान युवा बेरोजगार महासंघ प्रदेशाध्यक्ष राधे मीणा ने कहा कि एलडीसी भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों के अंक, रिस्पॉन्स शीट, दस्तावेज सत्यापन का कार्यक्रम अतिशीघ्र जारी करना चाहिए ताकि चयनित अभ्यर्थी का लंबे समय से किया जा रहा इंतजार खत्म होगा।

## नव जनजागृति मंच एवं अन्नपूर्णा नारी संगठन का गणगौर सेलिब्रेशन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** आनंद मार्केट निवारु रोड़ पर नव जनजागृति मंच एवं अन्नपूर्णा नारी संगठन के द्वारा गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'गीत गाओ गणगौर के' की थीम पर महिलाओं ने राजस्थानी गीत 'ईसर जी म्हारा जयपुर जाजोजी', 'ऊंचो चावरो चौखूटू' जैसे नृत्य-संगीत की बानगी के साथ गणगौर उत्सव में अपनी आस्था व्यक्त की। चेतना की शादी की पहली गणगौर का बिंदोरा निकाला और सभी गणमान्य एवं विशिष्ट महिलाओं ने उसे आशीर्वाद दिया। स्वागतकर्ता मंजू गुप्ता ने सभी महिलाओं को सुहाग बॉक्स देकर शुभकामनाएं दी। इस विशेष मौके पर विप्र कल्याण बोर्ड की पूर्व उपाध्यक्ष मंजू शर्मा, हर्षा गुप्ता, चेतना गुप्ता, डॉ.सुरभि सिंह, प्रभा शर्मा, अर्चना शर्मा, अनुराधा शर्मा, पूजा सेन, निरोज सैनी आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

## गौ सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : तिवाडी



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** श्रीमद्भागवत कथा के समापन के उपलक्ष्य में एक भव्य गौ सेवा और गो पूजन सुरभि गौशाला, रायसिंह बास में आयोजन किया गया। कथा वाचक चंद्रप्रकाश शास्त्री के सान्निध्य में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य यजमान श्री महेंद्र मोहन तिवाडी और श्रीमती इंद्रा देवी तिवाडी के द्वारा गाय की पूजा एवं सवामणि की गई। इस अवसर पर गौ माता को हरा चारा, गुड़ और लापसी खिलाई गई। ब्राह्मण समाज राजस्थान जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी ने बताया कि गाय में 33 कोटी देवी-देवताओं के निवास होने के कारण इसकी सेवा को सबसे बड़ा धर्म माना जाता है। इस पावन अवसर पर सभी भक्तजनों ने मिलकर गौ माता की सेवा की और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कार्यक्रम में समाजसेवी गोपाल शर्मा, नगेंद्र वशिष्ठ, काशीनाथ शर्मा, कैप्टन श्रीराम शर्मा, ओम प्रकाश रीडर, डॉ पवन कुमार तिवाडी, अरुण कुमार पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

## पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम से पार्सल बुक करवाना और ट्रेस करना आसान



### उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम लागू

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** रेल के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर सामान (पार्सल) भेजने की प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देष्य से उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की सुविधा उपलब्ध है। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ग्राहकों को अपना सामान बुक करवाने में सहूलियत हो रही है साथ ही इस सिस्टम प्राप्त होने वाले मैसेज के माध्यम से उनको अपने सामान की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलती रहती है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार महाप्रबन्धक श्री अमिताभ के दिशा निर्देशानुसार रेल उपभोक्ताओं को सभी क्षेत्रों में बेहतर और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की जा रही है। रेल के माध्यम से सामान (पार्सल) भेजने वाले ग्राहकों की सुविधा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सामान बुक करवाना बहुत ही आसान और पारदर्शी प्रक्रिया है जिसमें सभी जानकारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। पार्सल बुक करवाने वाले ग्राहक को अपने निकटतम पार्सल ऑफिस में अपने सामान की जानकारी का फार्म (फारवर्डिंग नोट) भरकर पार्सल क्लर्क को देना होता है उसके पश्चात पार्सल क्लर्क, पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम में उस जानकारी को फीड कर पार्सल का वजन करता है जिसकी सिस्टम में एंट्री हो जाती है। एंट्री के पश्चात रसीद बनती है जिसमें एक 10 अंक का नम्बर होता है साथ ही ग्राहक के दिए गए मोबाइल नं. पर मैसेज पहुंचता है।

## जब जुनून बन जाए पेशा, तो उत्कृष्टता तय है - रेसुल पोकुट्टी

### इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिव स्किल्स के दिल्ली क्रिएटर्स समिट में

**शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं- नेल्सन मंडेला**

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** भारत की क्रिएटिव और एजुकेशनल दुनिया में एक अहम मोड़ उस वक्त आया जब Indian Institute of Creative Skills (IICS) ने राजधानी में तीन दिवसीय दिल्ली क्रिएटर्स समिट का आयोजन किया। इस समिट में युवाओं की मीडिया, कंटेंट क्रिएशन और डिजिटल स्टोरीटेलिंग में अपार क्षमता को सेलिब्रेट किया गया और इस बात पर ज़ोर दिया गया कि ग्लोबल स्टैंडर्ड्स और इंडस्ट्री-रेलेवेंस के साथ स्किल-बेस्ड एजुकेशन आज की सबसे बड़ी ज़रूरत है। ऑस्कर और बाफ्टा अवॉर्ड से सम्मानित, स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए एकेडमी अवॉर्ड जीतकर देश को गौरवान्वित करने वाले साउंड डिजाइनर और पद्मश्री रेसुल पोकुट्टी ने समिट में अपने दिल से बात रखी। उन्होंने कहा, "जब जुनून पेशा बन जाए, तो उत्कृष्टता तय है," और युवाओं से आग्रह किया कि वे खुद को समझें, अपने सचे टैलेंट को पहचानें और पूरे समर्पण के साथ उसे आगे बढ़ाएं। पोकुट्टी, जिन्होंने फिल्म 2.0 जैसे प्रोजेक्ट्स पर काम किया है और इंटरनेशनल स्तर पर कई कोलैबोरेशन्स किए हैं, आज भी साउंड प्रोफेशनल्स को मेंटर कर रहे हैं और सिनेमा के भविष्य को गढ़ने वाले वैश्विक मंचों में सक्रिय रूप से हिस्सा ले रहे हैं।



उन्होंने कहा कि हर बचे के अंदर कोई न कोई खास स्किल होती है, लेकिन कई बार उसे पहचानने या निखारने का मौका नहीं मिल पाता। सामाजिक और पारिवारिक दबाव के चलते अक्सर करियर के फैसले लिए जाते हैं, जबकि असली तरक्की तब होती है जब किसी को उसी चीज़ की ट्रेनिंग मिले, जो वह दिल से करना चाहता है। उन्होंने सरकार की 2012 से शुरू हुई स्किल डेवलपमेंट पहलों की सराहना की और कहा कि IICS जैसे प्लेटफॉर्म्स युवाओं को जागरूक और सक्षम प्रोफेशनल बनाने में बेहद ज़रूरी भूमिका निभा रहे हैं। नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सीईओ और हस्ष्ठ्ट इंटरनेशनल के एमडी वेद मणि तिवारी ने भी इस सोच को आगे बढ़ाते हुए कहा कि इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिएटिव स्किल्स, स्किल इंडिया मिशन का एक मज़बूत स्तंभ है। उन्होंने बताया कि यह संस्थान हर छात्र की क्षमताओं को पहचानकर उन्हें बेहतर बनाने, वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सपर्ट मेंटरशिप और वैश्विक मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेशंस प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

मीडिया एंड एंटरटेनमेंट स्किल्स काउंसिल के सीईओ डॉ. मोहित सोनी ने कहा कि यह संस्थान भारत के क्रिएटिव युवाओं के लिए एक ग्लोबल लॉन्चपैड की तरह काम करेगा। उन्होंने बताया कि छात्रों को परफॉर्मेंस, साउंड और म्यूज़िक, मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल स्टोरीटेलिंग, कम्युनिकेशन और एक्सपीरिएंशियल इवेंट क्रिएशन जैसे क्षेत्रों में इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे उनकी क्रिएटिविटी को कमर्शियल वायबिलिटी और इंटरनेशनल एम्प्लॉयबिलिटी से जोड़ा जा सकेगा।

## पी.टी. उषा ने किया नेशनल मेरीटाइम गेम्स 2025 का उद्घाटन

### हर एथलीट में छुपा है विजेता – ओलंपियन दिग्गज ने बढ़ाया समुद्री कैडेट्स का हौसला

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**मुंबई।** खेल भावना और समुद्री एकता के भव्य संगम के बीच, इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद पद्मश्री डॉ. पी.टी. उषा ने आज नवी मुंबई के पाम बीच रोड स्थित इंडियन मेरीटाइम यूनिवर्सिटी में नेशनल मेरीटाइम गेम्स 2025 का उद्घाटन किया।

डॉ. उषा ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन में सैकड़ों समुद्री कैडेट्स और खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, "सच्चा खिलाड़ी वही है जो मैदान में पूरे मन और आत्मा से उतरता है। खेल में हार नहीं होती – हर भागीदार विजेता होता है। यह केवल मेडल्स की बात नहीं, बल्कि अनुशासन, साहस और ईमानदारी की बात है जो हर खिलाड़ी अपने साथ लाता है।"



उन्होंने यह भी कहा कि इस आयोजन का हिस्सा बनकर वे गर्व महसूस कर रही हैं और उन सभी कैडेट्स पर उन्हें गर्व है जो इन खेलों में भाग ले रहे हैं, क्योंकि ये आयोजन समुद्री समुदाय की एकता और अनुशासन का प्रतीक हैं।

इस उद्घाटन समारोह में खेल और समुद्री क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने भाग लिया। महानिदेशक श्याम जगन्नाथ, उप-महानिदेशक दीपेन्द्र सिंह बिसेन, भारतीय तटरक्षक बल के डीआईजी सैयद मोहम्मद, शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सीएमडी कैप्टन बी.के. त्यागी और पीएसए इंडिया के डिप्टी एमडी पवित्रन कल्लाडा मंच पर उपस्थित रहे।

महाराष्ट्र ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव नामदेव शिरगांवकर, नेशनल मेरीटाइम गेम्स के प्रतियोगिता निदेशक और याच्टिंग एसोसिएशन ऑफ महाराष्ट्र के अध्यक्ष कैप्टन गिरीश फडनीस तथा आयोजन की प्रमुख शक्ति के2के स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की निदेशक किरण फडनीस भी मंच पर मौजूद रहीं। इंडियन मेरीटाइम यूनिवर्सिटी के निदेशक कैप्टन मिहिर चंद्रा और कैप्टन विवेक भंडारकर के साथ समुद्री शिक्षा और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र के कई प्रमुख प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

नेशनल मेरीटाइम गेम्स 2025 में 20 से अधिक खेलों का आयोजन किया गया है, जिनमें एथलेटिक्स, स्विमिंग, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, क्रिकेट, शतरंज, गोल्फ, फुटसाल, पिकलबॉल, याच्टिंग और इनडोर रोइंग शामिल हैं। यह आयोजन न केवल फिटनेस और खेल भावना को प्रोत्साहित करता है, बल्कि समुद्री समुदाय में परस्पर सहयोग और एकजुटता का प्रतीक भी है।

डॉ. पी.टी. उषा 24 मार्च को सुबह 9 बजे ठाकुर इंटरनेशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्विमिंग और टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं का उद्घाटन करेंगी।

## कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के स्व. पिताजी के तेरहवीं संस्कार एवं रस्म पगड़ी में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया

**हिन्दुस्तान एक्सप्रेस/ जयपुर।** कैबिनेट मंत्री, राजस्थान सरकार कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने बुधवार को जमालपुर, गुरुग्राम में आदरणीय केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव जी के पूज्यनीय पिताजी स्व. कदम सिंह जी के तेरहवीं संस्कार एवं रस्म पगड़ी में सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा दुःख की घड़ी में उनके पूरे परिवार को संबल दें।

## श्री सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सैकण्डरी स्कूल में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी

### बच्चों ने उकेरे कला के रंग नगर प्रतिनिधि

**जयपुर।** विद्यार्थियों ने एक ही छत के नीचे ऐसी ज्ञानवर्धक मॉडल्स प्रदर्शित कर यह अहसास कराया कि सीखने की कोई सीमा नहीं है और हम किसी से कम नहीं हैं। यह उद्गार श्री सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सैकण्डरी स्कूल, रणजीत नगर, खातीपुरा, जयपुर के निदेशक मुकेश कुमार शर्मा ने विद्यालय के सभागार में लगी विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी के उद्घाटन के पश्चात अवलोकनार्थ अवसर पर व्यक्त किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मधु श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों ने हस्तकला की वास्तविकता को ऐसे उकेरा कि हम अपने अतीत में खो गए। प्रदर्शनी में छात्राओं ने सैकड़ों मॉडल्स, चार्ट्स बनाकर प्रदर्शित किए। मॉडल शिक्षिका सीमा चौहान एवं दिक्षा शर्मा के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला को नए आयाम दिए। शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों का समावेश ही समग्र शिक्षा की पहचान है, जो इस विद्यालय के बच्चों में देखने को मिली। प्रदर्शनी में राजस्थान के कला-कौशल, जीवन



शैली, जलवायु, पर्यावरण, औषधीय पेड़-पौधे, ड्रिप-सिंचाई, विंडमिल, वन्यजीव, जलस्त्रोत, कुए, बावड़ी व टांका, पशु पक्षी तथा गाड़िया लुहारों एवं बंजारों का जीवन दर्शन को अंगीकार किया। प्रदर्शनी में बच्चों ने सैकड़ों मॉडल्स प्रस्तुत किए जो उनकी दक्षता के परिचायक थे। बच्चों ने रॉक गार्डन, रामनिवास बाग, विज्ञान पार्क, दीपक, कैंडल्स, फ्लावर्स, फ्लावर्स बास्केट्स, सॉफ्ट टॉयज, सैटेलाईट सिस्टम के साथ डॉल्स म्यूजियम को बेहतरीन सजाया साथ ही पोस्टर्स के जरिए छात्र-छात्राओं ने राजस्थान की संस्कृति को खूबसूरती से झलकाया।

## वैशाली कांग्रेस द्वारा संगठनात्मक सभा आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी वैशाली नगर द्वारा संगठनात्मक सभा नारायण पैराडाइस गार्डन में आयोजित की गई। ब्लॉक अध्यक्ष उमराव सिंह यादव ने वैशाली ब्लॉक की और से सभी अतिथियों को माला, साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। ब्लॉक के पूर्व मुख्य प्रवक्ता अमर मंडावरा ने बताया की झोटवाड़ा विधानसभा के प्रभारी श्री प्रियकांत (पिंकी गौड़), जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष गोपाल लाल मीणा झोटवाड़ा विधायक प्रत्याशी अभिषेक चौधरी मुख्य अतिथि एवं अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष उमराव सिंह यादव ने की। सभा को सम्बोधित करते हुए प्रभारी गौड़ ने कार्यकर्ताओ को संगठन को मजबूती देने के लिए एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया। इन्होने कहा कि विधायक प्रत्याशी अभिषेक चौधरी ने झोटवाड़ा में संगठन को पुनः खड़ा किया।

जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष गोपाल मीणा ने कहा कि संगठन में उन्ही कार्यकर्ताओ को जगह दी जायेगी जो संगठन में सक्रिय ईमानदारी से काम करेगा। विधायक प्रत्याशी अभिषेक ने प्रभारी एवं अध्यक्ष को अवगत कराया की झोटवाड़ा विधानसभा में संगठन को मजबूती देने के लिए मासिक सभा का आयोजन किया जा रहा है तथा प्रत्येक कार्यकर्ता की बात मंच पर रखी जाती है। सभा में पीसीसी पूर्व सचिव हरीश यादव, सुरेंद्र गुप्ता, पीसीसी सदस्य अशोक शर्मा, मदन बागड़ा, जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष OBC नानूराम कुमावत, रमेश बागड़ा, मोहन जेवरिया, हरिनारायण भामणिया, अंजू गुप्ता, भारती कुमावत, धावास मंडल अध्यक्ष अनिल माथुर एवं अन्य वक्ताओं ने सम्बोधित किया। अंत में ब्लॉक अध्यक ने सबका आभार प्रकट किया।



## धारव हाई स्कूल में 'मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण' कार्यशाला का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर ।** धारव हाई स्कूल, विद्याधर नगर, जयपुर में 25 मार्च 2025 को जयपुर इतिहास महोत्सव 2025 की पहली कार्यशाला "मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण" आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण के महत्त्व को समझना और इसके लिए आवश्यक कदम उठाना था। कार्यशाला में महाराजा सवाई मान सिंह द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट के शिक्षा निदेशक श्री संदीप सेठी और कार्यकारी ट्रस्टी श्रीमती रमा दत्त, महाराजा सवाई मान सिंह विद्यालय की सेवानिवृत्त प्राचार्या सुश्री नीरा माथुर, सेंट सोल्जर स्कूल की सेवानिवृत्त प्राचार्या सुश्री अरुणा सुरेश और आई ड्रीम कैरियर की निदेशिका सुश्री मीनू अरोड़ा भी शामिल थीं। कार्यशाला में शहर के लगभग 44 स्कूलों के 84 शिक्षकों ने भाग लिया। उन्होंने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य , भावनात्मक कल्याण और परामर्शदाता के रूप में शिक्षक की बदलती भूमिका पर चर्चा की। उन्होंने पूरे वर्ष में आयोजित की जाने वाली कक्षा-विशिष्ट गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती ऋतु शर्मा ने कहा कि तनाव से मुक्ति पाने के लिए आत्म-देखभाल और सकारात्मक सोच का अभ्यास आवश्यक है। हमारे मन में ही हमें तनाव और नकारात्मकता से मुक्त करके हमें शांति और सकारात्मकता से युक्त करने की शक्ति है। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखकर ही जीवन को सुखमय बनाया जा सकता है।

## पीसीसी चीफ डोटासरा से की मुलाकात



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**चाकसू।** चाकसू कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य हरिनारायण चौधरी ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डोटासरा ने चौधरी से चाकसू क्षेत्र में संगठन के कार्यों की जानकारी ली और सामुहिक एकता व संगठन में सक्रीयता के साथ काम कर संगठन को मजबूत करने की बात कही। वहीं चौधरी ने भी प्रदेशाध्यक्ष को चाकसू क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का भरोसा दिलाया। इस दौरान सीताराम मंडावरिया सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखलाः बीकानेर में किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम आयोजित

# राज्य सरकार कृषक हित में उठा रही अहम कदम - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

- अन्नदाता किसान विकसित तो देश-प्रदेश विकसित और खुशहाल,

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान देश एवं प्रदेश की आत्मा है। अगर किसान विकसित होगा तो देश-प्रदेश विकसित एवं खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार का सपना सिर्फ 'कृषि विकास' ही नहीं 'कृषि गौरव' है। हम चाहते हैं कि राजस्थान का किसान देश में ही नहीं बल्कि दुनिया भर में आदर्श बने। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) से जुड़ें जिससे वे लाभ की खेती कर खुद को सशक्त बना सकें।


» बीकानेर में आयोजित किसान सम्मेलन में संबोधित करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

शर्मा बुधवार को बीकानेर में राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत आयोजित किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी को राजस्थान दिवस तथा भारतीय नववर्ष 2082 की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार ने इस वर्ष से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है तथा प्रदेशवासी धूमधाम से राजस्थान दिवस मनाएं।

### तपती धूप, कड़ाके की सर्दी, बारिश की बौछार में भी किसान खड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम किसानों के सम्मान को समर्पित है। किसान सिर्फ खेती नहीं करते, वे जीवन की नींव रखते हैं। किसानों की मेहनत से ही भारत ने खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की है तथा विश्व में हम एक अग्रणी कृषि शक्ति के रूप में उभरे हैं। उन्होंने कहा कि किसान सूरज की तपती धूप, कड़ाके की सर्दी तथा बारिश की बौछार में भी खेतों में खड़े रहकर सिंचाई और रखवाली करते हैं। किसानों का यह त्याग और समर्पण अप्रतिम है।

### अन्नदाता किसान को मिली अनेक सौगातें

बुधवार को बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन एवं एफपीओ कार्यक्रम में 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये का अनुदान हस्तान्तरण किया गया। साथ ही, इसमें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि में वृद्धि एवं मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए। इसके अलावा मंगला पशु बीमा योजना में लाभान्वितों का दायरा भी बढ़ाया गया है। कार्यक्रम में पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के अन्तर्गत निःशुल्क उपलब्ध करवाये जा रहे औषधियों व टीकों की संख्या बढाकर 200 किए जाने तथा कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किए गए। ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बैल से खेती करवाये जाने पर 30 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि के दिशा-निर्देश जारी किए गए। पीएमएफएमई योजना के तीन एफपीओ को अनुदान के तथा एक एफपीओ को शेयर मनी के चैक वितरण किए गए।

### किसान उत्पादक संगठन कृषक हित में बड़ी पहल

मुख्यमंत्री ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि लघु एवं सीमांत कृषकों को लाभ की खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इसके लिए एफपीओ एक बड़ी पहल है। एफपीओ के माध्यम से किसान सामूहिक होकर काम करते हैं जिससे उन्हें कृषि अनुदान, सस्ते बीज तथा फसल का उचित मूल्य मिलता है। राज्य सरकार किसानों के हितों का ध्यान रखने के लिए एफपीओ जैसी पहलों को प्रोत्साहित कर रही है।

### प्रधानमंत्री किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए कर रहे निरंतर प्रयास

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी डबल इंजन की सरकार किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही हैं। केन्द्र सरकार द्वारा 10 हजार एफपीओ का गठन किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत राज्य में 72 लाख से अधिक किसानों को 1 हजार 400 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित, लगभग 47 लाख किसानों को 29 हजार करोड़ रुपये का अल्पकालीन ब्याजमुक्त फसली ऋण तथा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 3 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बीमा क्लेम वितरित किए गए हैं।


» बीकानेर में आयोजित किसान सम्मेलन में बालिका को अनुदान राशि देकर आशीर्वाद देते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

### राज्य सरकार किसान हित में ले रही लगातार निर्णय

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के लिए किसान हित पहली प्राथमिकता है। हमनें अपने पहले ही वर्ष में किसान सम्मान निधि में सहायता राशि को 6 हजार रूपये से बढ़ाकर 8 हजार किया, जिसे अब बढ़ाकर 9 हजार रूपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 20 लाख से अधिक पशुओं का पंजीकरण, पशुधन निःशुल्क आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क औषधियां और टीके उपलब्ध कराना, मोबाइल वेटनरी सेवा नंबर 1962 प्रारंभ करने, राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के तहत लगभग 34 हजार पात्र गोपालकों के ऋण स्वीकृति सहित विभिन्न निर्णयों से पशुपालकों को राहत दी जा रही है। इस वर्ष के बजट में भी बांसवाड़ा में 20 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मेज की स्थापना, ग्लोबल राजस्थान एग्री टेक मीट (ग्राम) का आयोजन, विभिन्न क्षेत्रों में कृषि उपज मंडी खोलने जैसे प्रावधानों से किसान समृद्ध बनेंगे।

### किसानों को बिजली, पानी उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता

शर्मा ने कहा कि उन्होंने खेती का हर काम किया है तथा वे किसानों की समस्या को भलीभाति समझते हैं। इसीलिए हम किसानों को 2027 तक दिन में बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए बिजली-पानी की प्राथमिकता पर काम करते हुए राज्य सरकार द्वारा राइजिंग राजस्थान में 35 हजार करोड़ के एमओयू किए है। राज्य सरकार के ईआरसीपी, यमुना जल समझौता, देवास परियोजना जैसे निर्णयों से किसानों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि गत सरकार में कई पेपरलीक हुए थे, उन प्रकरणों में लिप्त दोषियों पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। हमारे 15 माह के कार्यकाल में एक भी पेपरलीक नहीं हुआ है। मुख्यमंत्री ने युवाओं को आह्वान किया कि वें मेहनत करे। हम निरंतर भर्तियां तथा नियुक्ति पत्र देकर युवाओं के सपनों को साकार करेंगे।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर प्रदेश में पहली बार राजस्थान दिवस समारोह वृहद स्तर पर समारोह पूर्वक मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं सुलभ कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 25 लाख रुपए का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा रहा है। चिकित्सा तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए भी राज्य बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य बजट में बीकानेर संभाग को कई सौगातें दी है। राज्य बजट में किसान क्रेडिट कार्ड की ऋण सीमा को 3 लाख से बढ़कर 5 लाख कर दिया गया है। डिग्गी फॉर्म पॉन्ड्स और ग्रिड सब स्टेशन के निर्माण तथा किसान सम्मान निधि में बढ़ोतरी जैसे निर्णयों से प्रदेश का किसान खुशहाल है। उन्होंने बीकानेर विकास प्राधिकरण की स्थापना के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने किसान उत्पादन संगठन मार्गदर्शिका का विमोचन किया तथा लाभार्थियों से संवाद किया। इस दौरान सफल एफपीओ पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। इससे पहले मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय किसान उत्पादक संगठन मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया और विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी में एफपीओ के मॉडल के रूप में बनाए गए एफपीओ ट्री नवाचार को सराहा।

इस दौरान राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी, विधायक सिद्धि कुमारी, डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, ताराचन्द सारस्वत, अंशुमान सिंह भाटी, जेठानंद व्यास सहित बड़ी संख्या में किसान एवं आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में किसान जुड़े।

# कार्यक्रम के प्रति उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी - डॉ. धर्मसिंह मीणा

### जिले में परिवार नियोजन सेवाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** परिवार कल्याण सेवाओं की समीक्षा बैठक बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्म सिंह मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप स्वास्थ्य केंद्र तक दी जा रही परिवार नियोजन की सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी।


» धौलपुर.....समीक्षा बैठक में उपस्थित चिकित्साधिकारी।

बैठक के दौरान डॉ. मीणा ने कहा कि ब्लॉक व सेक्टर स्तर पर परिवार कल्याण कार्यक्रम की नियमित समीक्षा करें। आशा व एएनएम को परिवार कल्याण कार्यक्रम के दौरान योग्य दम्पत्तियों के प्रेरित करने हेतु निर्देशित करें। सभी चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं कर्मचारी गंभीरता के साथ कार्य करें।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों एवं विभागीय कार्मिकों से कहा कि तीसरा बुधवार पुरुष नसबंदी वार को उत्सव की तरह आयोजित करें। आशा, एएनएम तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जानकारी देने के साथ ही उन्हें परिवार कल्याण कार्यक्रम में पुरुषों की सहभागिता बढ़ाने के लिये अधिकाधिक संख्या में प्रेरित करने के लिये निर्देशित करें। गर्भनिरोधक साधन अंतरा के लाभ चिकित्सा संस्थानों पर आने वाले योग्य दम्पत्तियों तथा गांव स्तर पर आशा एवं एएनएम के माध्यम से बतायें। यह साधन योग्य दम्पत्तियों के लिए काफी उपयोगी है लेकिन इसके बारें में हमारी आशा एवं एएनएम को जानकारी देनी होगी। अंतरा इंजेक्शन तीन माह के लिये महिलाओं में गर्भधारण से बचाव करता है। अंतरा इंजेक्शन पीएचसी स्तर तक उपलब्ध करावा दिये गये हैं। जिला एवं खंड स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गौरव मीणा ने सभी ब्लॉक मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। सभी बीसीएमओ तथा बीएचएस को एफपीएलएमआईएस में आशा स्तर से इशू टू क्लाइंट करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सेवाओं को और अधिक बढ़ाना जरूरी है। स्थायी साधन में महिला और पुरुष नसबंदी के लिए भी लक्षित दंपति को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें। समस्त पीएचसी पर गर्भ निरोधक के सभी साधन मौजूद होने चाहिए। प्रत्येक वर्ग के लाभार्थियों के लिए बास्केट ऑफ च्वॉइस की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने परिवार कल्याण सेवाओं के प्रति अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के भी निर्देश दिए।

यूएनएफपीए जिला समन्वयक रिपुंजय पांडे ने अंतरा इंजेक्शन डोज की प्रगति के बारे में अवगत करवाया। बैठक के दौरान उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा, समस्त बीसीएमओ, खंड प्रबंधक सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

# बसईनबाव में कुश्ती दंगल का आयोजन


» बाड़ी.. आयोजित कुश्ती में पहवानों को बधाई देते विधायक जसवंत सिंह गुर्जर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**सैंपऊ।** उपखंड क्षेत्र के कस्बा बसईनवाब में आयोजित किए जा रहे कंस मेले के तीसरे दिन विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बाड़ी विधायक जसवंत सिंह गुर्जर मौजूद रहे। जिन्होंने पहलवानों की आखिरी कुश्ती अंकित पहलवान मथुरा और भारत पहलवान गांगोली दिल्ली के बीच 51000 हजार रुपए की कराई। काफी देर बाद भी कोई निर्णय नहीं होने पर कमेटी ने मुकाबला बराबर पर छुड़वाया। पुलिस व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीओ अनूप कुमार यादव पुलिस जाप्ते के साथ मौजूद रहे।

# पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय वार्ता का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** पीएम श्री महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सिटी कोतवाली में अन्तर्राष्ट्रीय वार्ता, राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत आयोजित की गयी। अन्तर्राष्ट्रीय वार्ता की शुरुआत में अतिथि राजकीय पीजी कॉलेज बाड़ी प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह द्वारा मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण करके की गयी। डॉ. सिंह का स्वागत प्रधानाचार्य द्वारा बुके भेंट करके किया गया। डॉ. सिंह ने प्लास्टिक की थैलियां से प्रदूषण के दुष्प्रभाव पर अपना व्याख्यान पीपीटी के माध्यम से दिया। उन्होंने बच्चों को बताया कि प्लास्टिक के थैले हमारे स्वास्थ्य, जीवन और पर्यावरण के लिए कितने खतरनाक हैं। उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करने और इसके उपयोग से बचने की सलाह दी। प्रधानाचार्य रमन परमार ने कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित किया।


» धौलपुर..विद्यार्थियों को प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताते अतिथि।

कार्यक्रम का संचालन अध्यापक राजीव तौमर द्वारा किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य अंजना जैन, अनिल शर्मा, सुनीता शर्मा, कमल किशोर, संतोष माथुर, संदीप कुमार, किरण गहोई, हेमंत कुमार, जितेंद्र परमार, रमाकांत गालव, पूर्णिमा शर्मा, महेश प्रभाकर, गीता शर्मा, राजेश माथुर, अजय बघेल, दिलीप गोस्वामी, रुबी चौहान, सुनील, प्रीति, सुशीला, निशा, रनवीर, भानु प्रताप, चंचल, अंजली, सुमन, विजय सिंह, साधना सक्सैना आदि मौजूद रहे।

# चार दिन के मनोरंजन के लिए वर्षों की मेहनत से बने पार्क की की जा रही दुर्दशा, नगरपालिका और प्रशासन नहीं दे रहा कोई ध्यान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के एकमात्र खेल मैदान महाराणा प्रताप की हालत इन दिनों बेहद खराब होती देखी जा रही है क्योंकि पहले तो नगर पालिका के द्वारा इसकी देखरेख ही नहीं की गई थी जिसके चलते इसके हालत दिनों दिन खराब होते चले गए तो वहीं इसमें लगाए गए ओपन जिम के उपकरण भी चोरी हो गए हालात इतने खराब हो गए कि स्थानीय लोगों ने पार्क में जाना तक उचित नहीं समझा क्योंकि यहां सुबह-शाम शराबियों का जमावड़ा लगा रहता था लेकिन स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर प्रयास कर पार्क को सुरक्षित बनाया और उसमें तरह-तरह के पेड़ पौधे लगाए जिससे पार्क हरा भरा रहे लेकिन अब जब चैत्र नवरात्रि का मेला लगने जा रहा है तो उसमें झूला लगाने के लिए पूरे पार्क को बर्बाद किया जा रहा है। शहर में घूमने के लिए एकमात्र महाराणा प्रताप खेल मैदान ही है जहां वह आ जा सकते हैं वह भी प्रशासन की अनदेखी के चलते बेहद ही दुर्दशा का शिकार था जिसे लेकर स्थानीय लोगों ने कमरकसी और अपने स्तर पर पार्क में पेड़ पौधे लगाना शुरू किया जिसके चलते अब धीरे-धीरे पार्क में हरियाली दिखाई देने लगी थी लेकिन चैत्र नवरात्र के मेले के दौरान लगाए जाने वाले झूलों को लेकर अब इन सभी पेड़ पौधों को उखाड़ जा रहा है जिसका विरोध करने पर भी यह विध्वंस नहीं रुक रहा तो वहीं स्थानीय प्रशासन भी कोई कदम नहीं उठा रहा जिसके चलते पार्क का इस्तेमाल करने वाले लोग बेहद दुखी हैं , इसको लेकर नगरपालिका को ध्यान देना होगा। गौरतलब है कि नगर पालिका के द्वारा पिछले बजट में इस पार्क को सुंदर बनाने के लिए करोड़ों रुपए का बजट तैयार किया था लेकिन उस बजट का सही इस्तेमाल नहीं हो सका क्योंकि नगर पालिका के द्वारा ना तो यहां कोई सुरक्षा व्यवस्था ही सुनिश्चित की और ना ही साफ सफाई को लेकर कोई व्यवस्था की गई जिसके चलते करोड़ों का बजट केवल भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा एक आंकड़े के मुताबिक पार्क में कुछ साल पहले लाखों रुपए का फवारा ओपन जिम तथा अन्य उपकरण लगाए गए जो धीरे-धीरे चोरी हो गए क्योंकि नगर पालिका ने इसकी सुरक्षा व्यवस्था पर कोई भी ध्यान नहीं दिया अब जब स्थानीय लोगों ने इसमें अपने अपने स्तर पर मेहनत कर इस पार्क को हरा भरा किया तो चैत्र नवरात्र मेले के दौरान झूले लगाने के लिए इस हरियाली को बर्बाद किया जा रहा है, जो कि अशोभनीय हैं।


» बाड़ी...पार्क में मेला के लिए लगने आए झूले

# सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल मौहम्मद जब्बार खान यादव ने ली अंतिम सांस


### भगवान श्री कृष्ण से प्रभावित होकर नाम के पीछे लगाया था यादव

### शहर के तमाम मंदिर और मस्जिदों के दर्शन के बाद करते थे दिन की शुरुआत, इलाके में शोक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** बुधवार सुबह 6 बजे शहर के प्रसिद्ध सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल मोहम्मद जब्बार खान यादव ने अपने गृह निवास फिरोजाबाद में अंतिम सांस ली। हालांकि वह पिछले 40 वर्षों से बाड़ी के पुराना बाजार में रह रहे थे। जहां उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी फकीरी और भगवान की भक्ति में निकाली। जिसे लेकर कई बार लोग उन्हें पागल भी कहते थे।

जब्बार यादव के पड़ोसी शेखर शर्मा ने बताया कि उनके जन्म से पूर्व ही वह उन्हीं के मोहल्ले में रहते थे जो बेहद ही फकीरी में रहा करते थे मगर कभी भी उनके चेहरे पर कोई शोक या चिंता नहीं दिखाई दी मोहम्मद जब्बार हर रोज सुबह राजराजेश्वरी कैला माता मंदिर, हनुमान मंदिर तथा बालेश्वर महादेव के दर्शन के बाद शहर की तमाम प्रसिद्ध मस्जिदों पर जाते और उसके बाद अपने दिन की शुरुआत करते थे


» जब्बार भाई (फाइल फोटो)

### मूंगफली बेचकर पाले बच्चे

मोहम्मद जब्बार के परिजनों ने बताया कि आज से 10 साल पूर्व वह मूंगफली बेचकर अपना घर चलाते थे धीरे-धीरे उनका शरीर कमजोर होता गया और वह काम पर नहीं जाते थे लेकिन उसके बावजूद भी उन्होंने कभी भी किसी से कुछ नहीं मांगा जो भी ईश्वर ने उन्हें दिया उसी में वह भूखे प्यासे हमेशा खुश रहते थे।

पिछले 35 वर्षों से जब्बार भाई हिंदू व मुस्लिम दोनों ही धर्म को बड़ी ही शिद्दत से मानते थे। जिसके चलते वह प्रतिदिन सर पर लाल तिलक तथा इस्लामी टोपी लगाते थे जिसके चलते लोग उन्हें कई बार पागल भी कहते थे मगर उन्हें कोई भी फर्क नहीं पड़ता उन्होंने अपने अंतिम समय तक यह नियम निभाया मृतक के परिजनों ने बताया कि तीन दिन पहले वह ईद बनाने के लिए अपने जन्म स्थान फिरोजाबाद गए थे जहां बुधवार को उनकी मृत्यु हो गई।

# पेंशनर समाज कार्यकारिणी की बैठक आयोजित, पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के निराकरण पर हुई चर्चा

**राजाखेड़ा।** राजाखेड़ा पेंशनर समाज की बैठक योगेंद्र सिंह राणा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनर्स को जिला स्तर पर 28 मार्च को सम्मानित करने, नवीन पेंशनर्स को अधिक से अधिक जोड़ने, पेंशनर समाज हेतु कार्यालय की व्यवस्था, कॉम्यूटेशन की समस्या 65 वर्ष की आयु पर 5 प्रतिशत अधिक लाभ, आरजीएचएस तथा पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं के निराकरण आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई तथा सर्वसम्मति से निर्णय किए गए। बैठक में मधुसूदन शर्मा, कैलाश चाहर, जहान सिंह ठाकुर, बनवारी लाल शर्मा, बंगाली, बाबू कुशवाहा, प्रीतम सिंह व बालकिशन शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# सगे भाई-बहन का नवोदय विद्यालय में चयन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** सैपऊ निवासी दो सगे भाई बहन का जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन हुआ है। कक्षा पांचवी में अध्यनरत छात्र रुद्र और छात्रा हृदयांशी दोनों ही सगे भाई-बहन है। पिता कैलाश शर्मा के मार्गदर्शन में एक ही कक्षा एक ही विद्यालय और एक ही कोचिंग में मेहनत के साथ पढ़ाई कर यह सफलता हासिल की है। प्रथम एग्जाम में ही दोनों ने एक साथ बड़ी सफलता पाने पर परिजनों सहित क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। पौत्र व पौत्री की सफलता पर उनके दादा समाज सेवी व पूर्व सरपंच भगवती प्रसाद शर्मा और उनके पिता कैलाश उर्फ कैला शर्मा ने मिठाई वांटकर हर्ष जताया।



# जिलों में आकस्मिक कार्यों के लिए 1 करोड़ की स्वीकृति जारी - कन्हैयालाल चौधरी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने बताया कि गर्मी के मौसम में प्रदेश के किसी भी हिस्से में लोगों को पेयजल से संबंधित कोई परेशानी नहीं हो, इसके लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी जिलों में आकस्मिक कार्यों के लिए 1 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत जिला कलक्टर्स की अनुशंषा पर सम्बंधित क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अपने अधीन आने वाले जिलों में 1 करोड़ रुपये तक की सीमा में पेयजल व्यवस्था से सम्बंधित आवश्यक कार्य करा सकेंगे। जलदाय मंत्री ने बताया कि प्रत्येक जिले के लिए स्वीकृत धनराशि का उपयोग विभागीय नियमों और प्रावधानों का पालन करते हुए अधिकतम उपभोक्ताओं को लाभांवित करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा। अधिकारियों को स्वीकृत किए जाने वाले कार्यों को एक निश्चित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं जिससे गर्मी के मौसम में प्रभावित उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जा सके। सभी जिलों में 1 करोड़ रुपये की सीमा में ही खर्च की अनुमति होगी, अगर किसी स्थान इस सीमा के बाहर व्यय की आकस्मिक जरूरत होगी तो सक्षम स्तर से इस बारे में विचार करते हुए निर्णय लिया जाएगा।



जलदाय मंत्री ने बताया कि गर्मी के सीजन में पेयजल आपूर्ति की मॉनिटरिंग के लिए 110 नियमित वाहन के अलावा 01 मार्च से 31 मार्च 2025 के लिए 100 एवं आगामी 1 अप्रेल से 30 अप्रेल तक के लिए 400 अतिरिक्त वाहनों एवं आगामी 01 मई से 31 जुलाई तक 450 किराये के वाहनों के उपयोग की भी स्वीकृति जारी की गई है। स्वीकृत किये गए इन वाहनों का उपयोग हैंडपम्प मरम्मत अभियान और समर कंटीजेंसी कार्यों के साथ पेयजल परियोजनाओं तथा जलापूर्ति से सम्बंधित कार्यों की निगरानी के लिए भी किया जाएगा।

हैंडपम्प मरम्मत अभियान तथा जलापूर्ति से सम्बंधित कार्यों के लिए विभाग में आगामी 1 अप्रेल से 30 अप्रेल तक के लिए 2 हजार संविदा श्रमिक एवं आगामी 01 मई से 31 जुलाई तक 2 हजार 500 संविदा श्रमिक सहित मार्च 2025 में भी 500 संविदा श्रमिकों की स्वीकृति जारी की गई है।

## संपादकीय

### महंगाई को देखते हुए सांसदों की सुविधाओं में 24 फीसदी की वृद्धि, किसी जनप्रतिनिधि को जीवन भर पेंशन का हक क्यों?



हमारे देश में जनप्रतिनिधियों पर कई देशों की तुलना में बहुत अधिक खर्च होता है, इसलिए भी यह बढ़ोतरी लोगों को खटकती है। जनप्रतिनिधियों के वेतन, भत्तों और पेंशन में बढ़ोतरी को लेकर हर बार सवाल उठते हैं, इस बार भी उठ रहे हैं। सांसदों के वेतन में चौबीस फीसद की बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह हर भत्ते और पेंशन में बढ़ोतरी हुई है। कहा जा रहा है कि महंगाई दर के मद्देनजर इस बढ़ोतरी का फैसला किया गया। वेतन, भत्तों और पेंशन में वृद्धि का सूत्र ही महंगाई के मद्देनजर तय किया गया था, इस लिहाज से यह बढ़ोतरी गलत नहीं कही जा सकती। मगर सवाल है कि क्या आम लोगों की आमदनी में भी इसी अनुपात में वृद्धि हो सकी है। महंगाई पर काबू पाने की तमाम कोशिशों के बावजूद लंबे समय से इसका स्तर भारतीय रिजर्व बैंक के तय चार फीसद के मानक से ऊपर बना हुआ है। खाद्य वस्तुओं, फल-सब्जियों, रोजमर्रा उपयोग की वस्तुओं की कीमतें आम लोगों की क्षमता से बाहर हैं। उपभोक्ता सूचकांक के आधार पर स्पष्ट है कि पिछले दस वर्षों में लोगों की आमदनी नहीं बढ़ी है। इस तरह जनप्रतिनिधियों और आम लोगों की आय में असमानता काफी बढ़ गई है। क्योंकि सांसदों, विधायकों को उस तरह केवल अपने वेतन पर गुजारा नहीं करना पड़ता, जिस तरह आम कर्मचारियों, वेतनभोगी लोगों को करना पड़ता है। इसलिए इस बढ़ोतरी को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठ रहे हैं। यह सवाल लंबे समय से पूछा जाता रहा है कि जनप्रतिनिधियों को खुद अपने वेतन और भत्तों में बढ़ोतरी करने का अधिकार क्यों होना चाहिए। इसके लिए भी एक स्वतंत्र समिति क्यों नहीं गठित की जाती। फिर, उन्हें मिलने वाली पेंशन पर पर भी सवाल उठते रहे हैं कि जब एक सामान्य कर्मचारी को लंबी सेवा के बाद अब पेंशन की कोई योजना नहीं रह गई है या बहुत मामूली है, तो फिर एक बार चुनाव जीत जाने भर से किसी जनप्रतिनिधि को जीवन भर पेंशन पाने का हक क्यों होना चाहिए। उस पेंशन की राशि भी एक आम वेतनभोगी से काफी अधिक होती है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जनप्रतिनिधियों के खर्चे कई तरह के होते हैं और अगर महंगाई के अनुरूप उनके वेतन-भत्तों में बढ़ोतरी न की जाए, तो उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मगर उन्हें मिलने वाले भत्ते इतने हैं कि शायद ही किसी को मुश्किल आती हो। मुफ्त का आवास, वाहन, यात्रा भत्ता, क्षेत्र दौरे के लिए भत्ता, कार्यालय खर्च का भत्ता, संसदीय सत्र के दौरान का भत्ता आदि मिलता है। एक सवाल यह भी उठता रहा है कि जब राजनेता समाजसेवा का संकल्प लेकर चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो उन्हें वेतन-भत्तों आदि का लोभ होना ही क्यों चाहिए। हर वर्ष सांसदों को मिलने वाले वेतन और भत्तों पर भारी रकम खर्च होती है, जिससे सार्वजनिक खजाने पर बोझ बढ़ता है। वह सारा खर्च आम लोगों की कमाई से ही जाता है। तो, यह पूछा जाना स्वाभाविक है कि आमजन की चिंता का दावा करने वाले जनप्रतिनिधि अपने ऊपर होने वाले सरकारी खर्च में कटौती पर विचार क्यों नहीं कर पाते। हमारे देश में जनप्रतिनिधियों पर कई देशों की तुलना में बहुत अधिक खर्च होता है, इसलिए भी यह बढ़ोतरी लोगों को खटकती है। महंगाई की तुलना में आय में बढ़ोतरी होनी ही चाहिए, लेकिन यह सिद्धांत जब केवल कुछ लोगों तक सीमित कर दिया जाता है, तो अंगुलियां उठती हैं। इस पर विचार आखिर कौन करेगा!

# भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास नहीं है प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का समय, भुगतना पड़ता है खुद ही खमियाजा

> मनुष्य चाह कर भी उसे किसी एक जगह पर केंद्रित करने में असमर्थ महसूस कर रहा है। हर वक्त व्यस्तता का एक ऐसा संजाल खड़ा हो गया है, जिसमें कई-कई घंटे या पूरा दिन खपाने के बाद भी व्यक्ति यह आकलन कर पाने में असमर्थ हो रहा है कि इतने समय की कथित व्यस्तता के बाद उसने अपने जीवन के लिए क्या हासिल किया।



इस भागदौड़ भरी और अब डिजिटल होती दुनिया में क्या किसी के पास इतना समय बचा है कि वह प्रकृति या ईश्वर द्वारा प्रदत्त उन चीजों के लिए आभार व्यक्त कर सके, जो उसके पास है। भौतिक सुखों की लालसा के कारण मुश्किलों और दैनिक समस्याओं से दो-दो हाथ करते, हमने कभी आभार अभिव्यक्ति का अभ्यास किया है या ऐसा करते हैं? वर्तमान को सिर्फ विज्ञान का युग कहना ठीक नहीं होगा, क्योंकि विज्ञान में नई खोजों के लिए लंबे धैर्य और अथक मानवीय प्रयासों की आवश्यकता होती है। इसके विपरीत आज के युग में नई-नई चीजें बड़ी तीव्रता से हमारी दिनचर्या का अंग बनती जा रही हैं, जिसे विज्ञान की खोज कम और चमत्कार या 'जादू' अधिक माना जा सकता है। इन चमत्कारों में श्रव्य और दृश्य सूचनाओं का आदान-प्रदान इतनी तीव्रता से हो रहा है कि मानवीय मस्तिष्क चारों ओर फैलता जा रहा है है। डिजिटल युग के इस दौर में अनगिनत सूचनाओं के प्रवाह ने हमारे मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को प्रभावित किया है। मनुष्य चाह कर भी उसे किसी एक जगह पर केंद्रित करने में असमर्थ महसूस कर रहा है। हर वक्त व्यस्तता का एक ऐसा संजाल खड़ा हो गया है, जिसमें कई-कई घंटे या पूरा दिन खपाने के बाद भी व्यक्ति यह आकलन कर पाने में असमर्थ हो रहा है कि इतने समय की कथित व्यस्तता के बाद उसने अपने जीवन के लिए क्या हासिल किया। दिमाग में एक झंझावात हमेशा उफान मारता रहता है, जो मानवीय असंतोष का मुख्य कारण बनता जा रहा है। कई बार यह समस्या चिंताजनक रूप में उपस्थित दिखती है जब किसी मामूली बात पर दो लोग आपस में हिंसा कर बैठते हैं। ऐसी छोटी बातों पर हुए टकराव और लड़ाई में किसी के मारे जाने की घटनाएं हाल के दिनों में अक्सर सामने आने लगी हैं। यह एक तरह से मनुष्य के भीतर मानवीय मूल्यों, संवेदनशीलता की कमी और सोचने-समझने की प्रक्रिया बाधित होने का नतीजा लगता है। विडंबना यह है कि लोग अपने भीतर उभर रही इस प्रकृति पर गौर नहीं कर पाते और उसका शिकार होकर दूसरों तक अनजाने ही इस विकृति का प्रसार करते हैं। जबकि इसका खमियाजा खुद उन्हें भी भुगतना पड़ता है। इस भागदौड़ भरी और अब डिजिटल होती दुनिया में क्या किसी के पास इतना समय बचा है कि वह प्रकृति या ईश्वर द्वारा प्रदत्त उन चीजों के लिए आभार व्यक्त कर सके, जो उसके पास है। भौतिक सुखों की लालसा के कारण मुश्किलों और दैनिक समस्याओं से दो-दो हाथ करते, हमने कभी आभार अभिव्यक्ति का अभ्यास किया है या ऐसा करते हैं? सच यह है कि किसी प्राप्ति के आकलन और उसके लिए किसी को आभार व्यक्त करना, हमारे जीवन-अभ्यास में नहीं रहा है। इसलिए कभी अभाव की स्थिति में भी हमें अपनी जरूरत की कोई वस्तु मिल जाती है, तो इसके लिए परिस्थितियों, व्यक्ति या किसी अन्य के प्रति कृतज्ञ होना हम जरूरी नहीं समझते। ऐसे में आभार जैसे कुछ सामाजिक और आध्यात्मिक पहलू गौण होते जा रहे हैं। हालांकि मनुष्य के लिए रचित सभी धार्मिक ग्रंथ आभार प्रकट करने के चमत्कारिक प्रभावों का वर्णन करते हैं। वैसे भी हृदय से आभार अभिव्यक्ति मानसिक शांति और सकारात्मक दृष्टिकोण का कारण बनती है। मसलन, बाइबल आभार व्यक्त करने की मजबूत शक्ति को दर्शाती है। हो सकता है कि हमें अपनी दिनचर्या में आभार व्यक्त करना एक और काम की तरह लगे, पर हमें अनुभव होगा कि आभार व्यक्त करने की शक्ति इसे अभ्यास करने में लगने वाले कुछ मिनटों से कहीं अधिक है। फिर इसके बाद हमारे भीतर जो मानसिक शांति के लिए जगह अपने आप बन जाती है, उसका महत्त्व भी अनुमान से कहीं अधिक है। इस समूचे मनोविज्ञान पर अगर विचार किया जाए तब यह साफ होता है कि हमें आभार व्यक्त करने की आदत डालनी होगी। हमारी मदद करने वाले व्यक्ति से लेकर परिस्थिति और प्रकृति या ईश्वर को धन्यवाद देने का यह एक अहम कारण है, क्योंकि हम उपहारों की नहीं, बल्कि देने वाले की प्रशंसा करते हैं। आभार प्रकट करना, हमें यह अहसास कराता है कि हमारे पास जो कुछ भी है, वह हमारे कारण नहीं, बल्कि प्रकृति की देन है। परमेश्वर को धन्यवाद देना अर्थात परमेश्वर के सान्निध्य को प्राप्त करना है। जितना अधिक हम उसका धन्यवाद करते हैं, उतना ही अधिक हम उसकी उपस्थिति अपने अंदर और अपने आसपास करते हैं। उसकी व्यक्तिगत देखभाल को महसूस करने में हमारी मदद करती है। इस तरह हम अपने भीतर किसी कोने में छिपे अहं के भाव को निकाल बाहर करते हैं और अहंकार जैसी दुष्प्रवृत्ति से खुद को बचाते भी हैं। बौद्ध धर्म में आभार को एक जीवनशैली के रूप में देखा जाता है, जो व्यक्ति के आध्यात्मिक विकास का मार्ग प्रशस्त करता है। साथ ही समाज के प्रति व्यक्ति को अधिक करुणामय बनाता है। सच यह है कि आभार का अभ्यास हर परिस्थिति में जीवन जीने का संदेश लेकर आता है। यह मानसिक सशक्तता प्रदान करके हमें जीवन में उपलब्ध संसाधनों के महत्त्व को समझने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त कर सदैव प्रसन्न रहने का अवसर उपलब्ध करवाता है।

सामाजिक रिश्तों का आधार प्रेम और संवेदनशीलता है, जो आभार अभिव्यक्ति के रूप में सामने आता है। यह हमारे रिश्तेदारों और मित्रों के साथ हमारे संबंधों में गर्मजोशी और मधुरता लाता है। 'धन्यवाद' और 'क्षमा' वह धन हैं, जिनसे हम सामाजिक प्राणी होने का कर्ज अदा करते हैं। अपनी दिनचर्या में आभार जैसे दिव्य गुण को सम्मिलित करने के लिए आपको सिर्फ दूसरों से सहायता स्वीकार करने के गुण को अंकुरित करना होगा। प्रत्युत्तर में आभार व्यक्त करना अपने आप ही हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन कर, हमारे जीवन को उमंग और उल्लास से भर देगा।

## दुनिया भर की चिंता बढ़ाते ट्रंप, कई देश अपना परमाणु कवच मजबूत करने के बारे में सोचने लगे

भारत के दवा और मोटर पार्ट उद्योगों पर इसका तत्काल बुरा असर पड़ेगा और भारत के नवोदित सेमीकंडक्टर उद्योग पर भी बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिका के माल पर टैरिफ कम करने या हटाने के अलावा भारत अपने माल के लिए दूसरी मंडियां तलाश कर सकता हैपर उसमें समय लगेगा। ट्रंप के इस व्यापार युद्ध के कारण अब हर देश अपनी मंडियां बचाने के लिए संरक्षण का सहारा लेगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्धविराम कराने के दोनों प्रयासों को लेकर यूरोप, पश्चिम एशिया और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के मित्र देश गहरी चिंता में हैं। युद्धविराम के जरिये शांति स्थापित कराने की ट्रंप की बेताबी किसी को बुरी नहीं लगती, लेकिन इस व्यग्रता के लिए वह जो कीमत चुकाने को तैयार हैं, उसकी वजह लोगों की समझ से परे है। गाजा में वह फलस्तीनियों और उनके देश के अस्तित्व को संकट में डालकर और दुनिया का विरोध और निंदा झेलकर भी प्रधानमंत्री नेतन्याहू को खुली छूट देने को तैयार हैं, ताकि नेतन्याहू खुद को और अपनी सरकार को बचाए रख सकें। यूक्रेन में वह उसकी 20 प्रतिशत जमीन पर कब्जा किए बैठे पुतिन पर जमीन वापस करने और हमलों से किए विनाश की भरपाई का कोई दबाव डाले बिना युद्धविराम कराना चाहते हैं। यह भी संभव है कि वह पुतिन की इस शर्त को मान लें कि यूक्रेन को न तो कभी नाटो की सदस्यता मिलेगी और न उसकी रक्षा के लिए नाटो की सेना वहां जा सकेगी। हो सकता है कि इसके लिए यूक्रेन की जनता की राय लेने की रस्म भी निभाई जाए, जिसमें रूस को भी खेलने की पूरी छूट मिले। अरब और खाड़ी देशों में ट्रंप की गाजा नीति का विरोध करने की हिम्मत नहीं नजर आती। हमास और हिजबुल्ला की कमर टूटने और सीरिया में असद सरकार के पतन के कारण ईरान भी चुप है। हालांकि उसने ट्रंप की शर्तों पर परमाणु समझौता करने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है, लेकिन ट्रंप यमन के हूतियों की कमर तोड़ने की मुहिम छेड़कर उस पर भी दबाव बढ़ा रहे हैं। पुतिन के साथ संबंध बहाल होने के बाद संभव है कि ईरान पर रूस का भी दबाव डलवाया जाए, लेकिन पुतिन से शांति के लिए यूरोप के देश यूक्रेन की बलि देने को तैयार नहीं हैं। हंगरी, सर्बिया, स्लोवाकिया और बुल्गारिया जैसे कुछ यूरोपीय देश रूस के साथ शांति की हिमायत करते हैं, परंतु तभी तक जब तक उन्हें नाटो का संरक्षण प्राप्त है। रूस की सीमा से लगते फिनलैंड और पोलैंड जैसे देशों और पश्चिमी यूरोप के देशों को पुतिन के इरादों पर भरोसा नहीं है। उधर जर्मनी ने रक्षा खर्च बढ़ाने के लिए अपने संविधान में संशोधन किया है। ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, स्पेन और स्वीडन हर देश नाटो के बजट में अपना योगदान और रक्षा खर्च बढ़ाने वाला है। ब्रिटेन और फ्रांस के परमाणु कवच को यूरोप के देशों के लिए उपलब्ध कराने पर भी विचार हो रहा है, ताकि अमेरिका के परमाणु कवच पर निर्भरता को कम किया जा सके। इसके विपरीत ट्रंप परमाणु हथियारों के अप्रसार की मुहिम छेड़ना चाहते हैं। रूस के साथ संबंध बहाल करने के पीछे भी उनका एक उद्देश्य परमाणु अप्रसार की प्रक्रिया को फिर से शुरू करना है। ट्रंप का कहना है कि वह चीन, भारत, पाकिस्तान और इजरायल जैसी अन्य परमाणु शक्तियों को भी अप्रसार वार्ताओं में शामिल करना चाहते हैं। हालांकि वह जिस तरह के युद्धविराम कराना चाहते हैं, उनका असर ठीक इसके विपरीत होता दिखता है। यूक्रेन पर हमला होने का सबसे बड़ा कारण यह है कि उसके पास परमाणु हथियार नहीं हैं और रूस दुनिया की बड़ी परमाणु शक्ति है। 1991 में सोवियत संघ से अलग होने के बाद यूक्रेन दुनिया की तीसरे नंबर की परमाणु शक्ति था। 1994 की बुडापेस्ट विज्ञप्ति के आधार पर उसने अपने परमाणु हथियार त्याग कर रूस को दे दिए। बदले में उसे अमेरिका, ब्रिटेन और रूस ने सुरक्षा की गारंटी दी। सुरक्षा की गारंटी देने वाले रूस ने ही 2014 में हमला करके उसका क्रीमिया प्रायद्वीप छीन लिया और 2022 में फिर हमला किया, जो आज तक जारी है। न सुरक्षा की गारंटी देने वाला अमेरिका उसके बचाव में आया और न ब्रिटेन, क्योंकि हमलावर रूस एक बड़ी परमाणु शक्ति था। इस घटना के बाद भला कौन सा देश अपने परमाणु कवच को हल्का करना या उसका परित्याग करना चाहेगा? नाटो जैसे मित्र देशों के गठबंधन के बचाव से हाथ खींचने की ट्रंप सरकार की नीतियों के कारण भी न केवल यूरोप के देशों को अपना परमाणु कवच और मजबूत करने के बारे में सोचना पड़ रहा है, बल्कि जापान, दक्षिण कोरिया और सऊदी अरब जैसे और भी कई देश परमाणु होड़ में शामिल होने की सोच रहे हैं। भारत के समक्ष तो चीन और पाकिस्तान की दोहरी चुनौती है। हालांकि ट्रंप चाहते हैं कि रूस के साथ-साथ चीन भी परमाणु अप्रसार की पहल में शामिल हो, लेकिन जिसे आप तकनीक और व्यापार युद्ध का निशाना बना रहे हैं, वह आपके कहने पर अपना परमाणु कवच क्यों कमजोर करेगा? चीन जिस गति से परमाणु हथियार बना रहा है, उसके चलते दो दशकों के भीतर ही अमेरिका और रूस की बराबरी पर पहुंच जाएगा। यह भारत के लिए भी बहुत बड़ा सिरदर्द होगा। फिलहाल तो भारत के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द ट्रंप की व्यापार नीति है। उन्हें लगता है कि बहुत से देशों ने अमेरिकी माल पर शुल्क लगाकर उसे तो अपनी मंडियों में आने नहीं दिया और अपना माल अमेरिकी मंडियों में बेचकर अमेरिकी उद्योगों को चौपट किया है। इसलिए वह दो अप्रैल से हर देश पर जवाबी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। यानी जितना टैरिफ आप अमेरिका के माल पर लगाएंगे, अमेरिका उतना ही आपके माल पर लगाएगा। भारत के दवा और मोटर पार्ट उद्योगों पर इसका तत्काल बुरा असर पड़ेगा और आगे चलकर भारत के नवोदित सेमीकंडक्टर उद्योग पर भी बुरा असर पड़ सकता है। अमेरिका के माल पर टैरिफ कम करने या हटाने के अलावा भारत अपने माल के लिए दूसरी मंडियां तलाश कर सकता है, पर उसमें समय लगेगा। ट्रंप के इस व्यापार युद्ध के कारण अब हर देश अपनी मंडियां बचाने के लिए संरक्षण का सहारा लेगा। अर्थशास्त्रियों को आशंका है कि संरक्षणवाद की इस लहर से पिछले तीन दशकों में मुक्त व्यापार से हुई प्रगति धीमी पड़ सकती है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है, जब भारत को अपना अधिक से अधिक माल विदेश में बेचकर वह पूंजी कमाने करने की सख्त जरूरत है, जिसके बिना लोगों का जीवन स्तर सुधारा नहीं जा सकता। चीन ने चार दशकों तक लाखों करोड़ का व्यापार लाभ कमाया है। उसी के बल पर वहां के लोगों का जीवन स्तर सुधरा है।

## सड़क, सुरक्षा, बिजली और पानी पर दिल्ली सरकार का विशेष ध्यान, जनता की उम्मीदों पर खरा उतरना सबसे बड़ी चुनौती

> दिल्ली सरकार के इस बजट में हर वर्ग को तरजीह देने का प्रयास दिखता है। इस बार पूंजीगत व्यय को दोगुना किया गया है। मगर इस खर्च की पूर्ति कैसी होगी, सरकार ने स्पष्ट नहीं किया है। दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा हमेशा गंभीर मुद्दा रही है। इसके लिए पूरी दिल्ली में पचास हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ बस यात्रा के लिए महिलाओं को कार्ड जारी करने की पहल उचित ही है।



इस बजट में सरकार ने कुछ लक्ष्य तय किए हैं। यह एक बड़ा दायित्व है। भाजपा वर्षों से दिल्ली के लिए कई मुद्दे उठाती आई थी। अब उसे साकार करने का अवसर मिला है। भाजपा के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार को कोई छब्बीस साल बाद बजट पेश करने का मौका मिला है। इसमें उन सभी संकल्पों को धरातल पर उतारने का प्रयास है, जिनकी चर्चा वह चुनाव के दौरान या उससे पहले करती आई है। जनता से किए वादों की कसौटी पर यह बजट कितना साकार होगा, यह भविष्य बताएगा। फिलहाल नई सरकार ने पिछले वर्ष से कहीं अधिक, एक लाख करोड़ रुपए का बजट पेश कर अपना इरादा जता दिया है कि वह आने वाले समय में कैसी दिल्ली बनाना चाहती है। गौरतलब है कि इस बार का बजट परिव्यय 31.5 फीसद अधिक है। मगर सवाल यह है कि इस बढ़ी हुई राशि की व्यवस्था सरकार कहां से और कैसे करेगी। अलबत्ता उसने स्पष्ट कर दिया है कि वह दिल्ली को आत्मनिर्भर बनाने के साथ इसके बुनियादी ढांचे में बदलाव लाएगी। इसके लिए उसने बिजली-पानी और सड़क-सीवर सहित दस क्षेत्रों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। वहीं वायु प्रदूषण से निपटने के लिए तीन सौ करोड़ का आबंटन कर साफ कर दिया है कि उसे नागरिकों की चिंता है। इसी के साथ यमुना सफाई की दिशा में कदम बढ़ाते हुए उसने अपना वादा निभाने की कोशिश की है। दिल्ली सरकार के इस बजट में हर वर्ग को तरजीह देने का प्रयास दिखता है। इस बार पूंजीगत व्यय को दोगुना किया गया है। मगर इस खर्च की पूर्ति कैसी होगी, सरकार ने स्पष्ट नहीं किया है। दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा हमेशा गंभीर मुद्दा रही है। इसके लिए पूरी दिल्ली में पचास हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ बस यात्रा के लिए महिलाओं को कार्ड जारी करने की पहल उचित ही है। इस बजट में सरकार ने कुछ लक्ष्य तय किए हैं। यह एक बड़ा दायित्व है। भाजपा वर्षों से दिल्ली के लिए कई मुद्दे उठाती आई थी। अब उसे साकार करने का अवसर मिला है। अगर वह दिल्ली को वादों के अनुरूप शहर बना पाती है, तो यह वाणिज्य और निवेश के लिहाज से भी महत्त्वपूर्ण बन जाएगा। इन सबके बावजूद सरकार को अपने वादे पूरे करने के लिए जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौती रहेगी।

## सरलीकरण से दूर जीएसटी, कारोबारी वर्ग के लिए यह व्यवस्था जटिल

> दुर्भाग्य से अभी तक ऐसा नहीं हो सका है और यह कहना भी कठिन है कि निकट भविष्य में ऐसा हो जाएगा। जीएसटी की जटिलता केवल इससे ही उजागर नहीं होती कि एक जैसे उत्पादों पर अलग-अलग दरें हैं, बल्कि इससे भी होती है कि कारोबारियों को उसके कई प्रविधानों को समझने के लिए विशेषज्ञों की सहायता लेनी पड़ती है।




आखिर इसका क्या औचित्य कि यदि कोई कारोबारी किसी दूसरे से माल खरीदे और दूसरा समय पर जीएसटी रिटर्न न भरे तो पहले वाले का इनपुट टैक्स रिटर्न फंस जाए? यह तो करे कोई और भरे कोई वाला मामला है । सरकार इससे संतुष्ट हो सकती है कि जीएसटी से प्राप्त राजस्व बढ़ रहा है लेकिन कारोबारी उससे संतुष्ट नहीं। यह निराशाजनक है कि तमाम नियमों में संशोधन-परिवर्तन के बाद भी वस्तुओं एवं सेवाओं पर कराधान की व्यवस्था यानी जीएसटी सरलीकरण से दूर है। जीएसटी लागू हुए आठ वर्ष होने वाले हैं, लेकिन एक बड़े कारोबारी वर्ग के लिए यह व्यवस्था जटिल ही बनी हुई है। जीएसटी लागू किया जान एक क्रांतिकारी कदम था। इसे लागू करते समय यह माना गया था कि इससे एक ओर जहां टैक्स चोरी पर लगाम लगेगी, वहीं कारोबारियों को लालफीताशाही से मुक्ति मिलेगी। दुर्भाग्य से अभी तक ऐसा नहीं हो सका है और यह कहना भी कठिन है कि निकट भविष्य में ऐसा हो जाएगा। जीएसटी की जटिलता केवल इससे ही उजागर नहीं होती कि एक जैसे उत्पादों पर अलग-अलग दरें हैं, बल्कि इससे भी होती है कि कारोबारियों को उसके कई प्रविधानों को समझने के लिए विशेषज्ञों की सहायता लेनी पड़ती है। इससे उनके समय और धन की बर्बादी तो होती ही है, उनका सुख-चैन भी छिनता है। इससे वे हतोत्साहित होते हैं और जीएसटी के पचड़े में पड़ने से बचते हैं। यदि जीएसटी चोरी के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं तो इसका एक कारण इस व्यवस्था के जटिल नियम भी हैं। जीएसटी के जटिल बने रहने का एक बड़ा कारण नौकरशाही का रवैया है, जो उलझाने वाले तौर-तरीके अपनाने में माहिर है। वह विसंगतियां दूर करने के नाम पर ऐसे तरीके अपनाता है, जिससे सरल चीजें भी कठिन हो जाती हैं। लगता है कि बीते वर्षों में जीएसटी में जो सैकड़ों सुधार किए गए, उन्हें अपनाते समय कारोबारियों से विचार-विमर्श करना आवश्यक नहीं समझा गया या फिर उनके सुझावों को महत्व ही नहीं दिया गया। यह समझा जाए तो बेहतर कि कराधान की कोई भी व्यवस्था जब जटिल हो जाती है तो लोग उसके दायरे में आने से बचना पसंद करते हैं। वादा यह किया गया था कि जीएसटी के तहत कारोबारियों को केवल अपनी बिक्री का विवरण देना होगा, लेकिन अब उन्हें तमाम तरह की जानकारी देनी पड़ती है और यदि भ्रम पैदा करने वाले नित नए नियमों के कारण तनिक भी हेर-फेर हो जाए तो वह उनके लिए आफत बन जाती है। यहीं से भ्रष्टाचार के लिए गुंजाइश पैदा होती है और टैक्स चोरी के रास्ते खुलते हैं। आखिर इसका क्या औचित्य कि यदि कोई कारोबारी किसी दूसरे से माल खरीदे और दूसरा समय पर जीएसटी रिटर्न न भरे तो पहले वाले का इनपुट टैक्स रिटर्न फंस जाए? यह तो करे कोई और भरे कोई वाला मामला है। सरकार इससे संतुष्ट हो सकती है कि जीएसटी से प्राप्त राजस्व बढ़ रहा है, लेकिन कारोबारी उससे संतुष्ट नहीं। इसके अतिरिक्त जनता के लिए भी यह समझना कठिन है कि इस व्यवस्था से उसे क्या लाभ मिला? यह प्रश्न भी अनुत्तरित है कि जीएसटी स्लैब कब कम होंगे?



# धोनी-विराट का एक-दूसरे के खिलाफ खेलना शानदार - संजय बांगड़

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 का एक और बेहतरीन मुकाबला 28 मार्च को लीग की दो राइवल टीम चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। संजय बांगड़ ने बताया यह मुकाबला कई मायनो में खास होता है। मंगलवार को जियोस्टार एक्सपर्ट संजय बांगड़ ने दैनिक भास्कर के सवाल पर कहा, मैं कहूंगा कि ष्टस्य पूरे देश में सबसे ज्यादा फॉलो की जाने वाली टीमों में से एक है। वहीं, ऋष्टक्क के पास अपना फैन बेस है। हमारे देश के क्रिकेट फैंस एमएस धोनी और विराट कोहली को एक्शन में देखना पसंद करते हैं। तो, उन दो खिलाड़ियों का एक - के खिलाफ खेलना अपने आप में एक शानदार मुकाबला बनाता है, जिसे देखना शानदार है।%

इम्पैक्ट प्लेयर नियम से ज्यादा एक्सपोजर मिल रहा इम्पैक्ट प्लेयर नियम के सवाल पर उन्होंने कहा, %इस बात पर चर्चा हुई थी कि क्या इसे खत्म किया जाना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पहले 11 खिलाड़ियों के खिलाफ 11 खिलाड़ियों का मुकाबला होता था, लेकिन अब ऐसा



नहीं है। अब 12-12 खिलाड़ी खेलते हैं। तो, यह एक पॉजिटिव बात है। इससे खिलाड़ियों को ज्यादा एक्सपोजर मिल रहा है। ज्यादातर टीमें चाहती हैं कि उनके बल्लेबाजी या गेंदबाजी स्लॉट पर स्पेशलिस्ट खिलाड़ी खेले।%

उन्होंने आगे कहा, %यह उन खिलाड़ियों के लिए थोड़ा कठिन हो गया है जो दोनों डिपार्टमें में योगदान देना चाहते हैं या ऐसे खिलाड़ी जो दोनों डिपार्टमेंट में खेलने के सक्षम हैं। पिछले सीजन ष्टस्य को हराकर प्लेऑफ में पहुंची थी ऋष्टक्क 2024 में ष्टस्य और ऋष्टक्क के बीच मुकाबला काफी शानदार रहा था। प्लेऑफ में पहुंचने के लिए दोनों टीमों के लिए ये करो या मरो वाला मुकाबला था। बेंगलुरु को अंतिम-4 में क्वालिफाई करने के लिए चेन्नई को 17 रनों से हराना था। वहीं चेन्नई 17 से कम रनों के अंतर से हारने पर प्लेऑफ में अपनी जगह बना लेती। अपने होम ग्राउंड पर आरसीबी ने 27 रनों से जीत दर्ज की। साथ ही वह अगले राउंड में पहुंच गई थी।

यह मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए आरसीबी चेन्नई पहुंच चुकी है। चेन्नई और बेंगलुरु के बीच अब तक कुल 33 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें 21 मैच सीएसके ने जीते हैं, तो वहीं आरसीबी ने 11 मुकाबले अपने नाम किए हैं। एक मैच बिना रिजल्ट के खत्म हुआ है।

# नंबर 1 टी20 ऑलराउंडर बने हुए हैं हार्दिक पांड्या

**दुबई।** भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपना नंबर 1 टी20 ऑलराउंडर स्थान बरकरार रखा है, जबकि अभिषेक शर्मा, नंबर 2 टी20 बल्लेबाज, और वरुण चक्रवर्ती, नंबर 2 टी20 गेंदबाज ने भी आईसीसी पुरुष टी20 रैंकिंग में अपना स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण छलांग लगाई है, जो चल रही पांच मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार शीर्ष पांच में शामिल हुए हैं।

डफी माउंट माउंगानुई में 4/20 और ऑकलैंड में पिछले मैच में 1/37 के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम रैंकिंग अपडेट में सात पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर 115 रनों की शानदार जीत में उनके योगदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल हुई।

डफी न्यूजीलैंड के एकमात्र गेंदबाज नहीं हैं, जिनकी रैंकिंग में उछाल आया है। माउंट माउंगानुई में




3/25 के आंकड़े के साथ उनका साथ देने वाले जकारी फाउलकेस ने 26 पायदान की छलांग लगाकर 64वां स्थान हासिल किया है। इस बीच, पाकिस्तान के हारिस राउफ ने भी महत्वपूर्ण प्रगति की है, पिछले दो मैचों में से प्रत्येक में तीन विकेट लेने के बाद 11 पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज में अपने लगातार प्रदर्शन के बाद अब्बास अफरीदी अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

नवीनतम रैंकिंग अपडेट में कई बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया है। माउंट माउंगानुई में 20 गेंदों में 50 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के फिन एलन दो पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी मार्क चैपमैन ने ऑकलैंड में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर 51वें से 41वें स्थान पर पहुंचकर और भी बड़ी छलांग लगाई है।पाकिस्तान के लिए युवा बल्लेबाज हसन नवाज ने ऑकलैंड में नाबाद 105 रनों की पारी खेलकर 77वें स्थान पर पहुंचकर बड़ा प्रभाव डाला है। रैंकिंग अपडेट में हाल ही में विंडहोक में नामीबिया और कनाडा के बीच संपन्न पांच मैचों की टी20 सीरीज को भी ध्यान में रखा गया है, जहां मेजबान टीम ने 5-0 से सीरीज में क्लीन स्वीप हासिल की। नामीबिया के निकोलस डेविन 27 पायदान चढ़कर 68वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके देश के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बन गए हैं, जबकि कप्तान गेरहार्ड इरास्मस गेंदबाजी रैंकिंग में चार पायदान चढ़कर 98वें स्थान पर पहुंच गए हैं। कनाडा के निकोलस किर्टन ने भी बल्लेबाजों की सूची में 91वें से 74वें स्थान पर पहुंचकर प्रगति की है।

# जोकोविच ने मुसेट्टी को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया

**मियामी।** छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को 15वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत के साथ एटीपी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

37 वर्षीय खिलाड़ी, जो अब अपने 100वें टूर-लेवल खिताब से तीन जीत दूर हैं, अब उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। यह 2019 के बाद से मियामी में जोकोविच की पहली उपस्थिति है। एटीपी के अनुसार, 2016 में क्रैंडन पार्क में खिताब जीतने के बाद से वह क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे थे।

जोकोविच शुरुआती ब्रेक में पिछड़ गए और उन्हें समय उल्लंघन की



चेतावनी दी गई। वह क्षण निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि 40 बार के मास्टर्स 1000 विजेता ने वहीं से लय हासिल कर ली। चौथे वरीय खिलाड़ी ने लगातार नौ गेम जीतकर घाटे को भूस्खलन में बदल दिया, और अंततः एक घंटे और 23 मिनट के बाद अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली। सेरेना विलियम्स और जुआन मार्टिन डेल पोत्रो (अर्जेंटीना के खिलाड़ी उनके बॉक्स में थे) के सामने जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन किया।

जोकोविच ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं स्टारस्ट्रक था! फर्स्ट डेलपो को देखना अद्भुत था, जाहिर तौर पर एक लंबे समय से दोस्त और प्रतिद्वंद्वी, उन्हें अपने आस-पास पाकर और बॉक्स से उनका समर्थन पाकर बहुत खुश था। यह आश्चर्यजनक था, डेलपो को बॉक्स में देखना (पहली बार) था, इसलिए मैं उन्हें आने के लिए वास्तव में धन्यवाद देना चाहता हूं। और सेरेना, यह एक आश्चर्य था। मुझे नहीं पता था।


उन्होंने आगे कहा, वास्तव में, जब मैंने डाउन-द-लाइन पासिंग शॉट लगाया, तो मैंने उसकी ओर इशारा किया और उससे पूछा कि क्या यह ठीक है। उसने कहा, हाँ, यह ठीक था। अगर सेरेना कहती है कि यह ठीक था, तो यह हर किसी के मानकों के हिसाब से अद्भुत था। तो हां, उनका होना बहुत

# शून्य पर आउट होते ही ग्लेन मैक्सवेल ने बनाया अनचाहा रिकॉर्ड, रोहित-कार्तिक को पछाड़ा

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 की शुरुआत हो चुकी है। पांचवां मुकाबला गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स के बीच खेला जा रहा है। इस मैच में ग्लेन मैक्सवेल को बड़ा झटका लगा। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए। इसी के साथ उन्होंने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में गुजरात ने टॉस जीतकर पंजाब को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया है।

मैक्सवेल के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

पंजाब के लिए पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मैक्सवेल खाता खोले बिना आउट हो गए। उन्हें साई किशोर ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसी के साथ ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा बार शून्य पर आउट होने वाले बल्लेबाज बन गए। आईपीएल में वह 19वीं बार बिना खाता खोले आउट हुए। मैक्सवेल को आरसीबी ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से पहले रिलीज कर दिया था। इसके बाद पंजाब ने उन्हें 4.2 करोड़ में खरीदा। पिछले सीजन में उन्होंने नौ मैचों में 5.77 के औसत से महज 52 रन बनाए थे और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 28 रन रहा था। मैक्सवेल गेंद से भी प्रभावित नहीं कर सके थे और वह सिर्फ छह विकेट अपने नाम कर चुके थे और इस दौरान उनकी इकॉनोमी 8.06 की रही थी।




## व्यापार

# सीएनबीसी के पूर्व एंकर हेमंत घई मार्केट से बैन

## सेबी ने 6.16 करोड़ इलीगल इनकम लौटाने को कहा

## धोखाधड़ी में मोतिलाल ओसवाल पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया ने सीएनबीसी आवाज के पूर्व एंकर हेमंत घई को रेगुलेटरी नॉर्म्स के उल्लंघन के आरोप में सिक्योरिटी मार्केट से 5 साल के लिए बैन कर दिया है।

मार्केट रेगुलेटर ने हेमंत घई और उनकी पत्नी जया घई को 6.16 करोड़ रुपए की अवैध कमाई को 31 मार्च 2020 से 12 प्रतिशत सालाना ब्याज के साथ वापस करने का भी निर्देश दिया।

ऑनलाइन स्टॉक ब्रोकर प्लेटफॉर्म जीरोधा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर मार्केट्स बाय जीरोधा नाम से थ्रेड-पोस्ट में इस पूरी घटना को डिटेल में शेयर किया है।

मार्केट रेगुलेटर ने हेमंत घई और जया घई पर 50-50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। इनके अलावा, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की एंटिटी मास



कंसल्टेंसी सर्विस पर 30 लाख रुपए और स्ल्कस्रस्रु पर 5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। ऐसा इसलिए क्योंकि MOFSL ने इस धोखाधड़ी में हेमंत का साथ दिया था।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड की ऑथराइज्ड एंटिटी स्ल्र कंसल्टेंसी सर्विसेज ने हेमंत को उनकी पत्नी और मां के अकाउंट्स में अनअथॉराइज्ड ट्रेड करने की अनुमति दी और इसके रिकॉर्ड छुपाने में मदद की।मार्केट के भीतर के सूचना का फायदा उठाकर हेमंत ने अपनी पत्नी और मां के अकाउंट से ट्रेड किए और उन्हें छुपाने के लिए मास ने उनकी मदद की। यह धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार रेगुलेशन का उल्लंघन है।सेबी ने जनवरी 2019 से मई 2020 के बीच जया और श्याम मोहिनी घई के खातों की जांच की। इसमें पता चला कि उनके 81 प्रतिशत ट्रेड हेमंत की ओर से टीवी पर ऑन एयर रिकमेंड किए गए शेयर से जुड़े थे। इन रिकमेंडेशन से उन्होंने जो कमाया यह उनके टोटल प्रॉफिट का 85 प्रतिशत था।

# रेलवे ने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई

**नई दिल्ली।** रेलवे ने 2031 तक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर 2031 तक 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह पैसा स्टेशनों को अपग्रेड करने, फ्रेड कॉरिडोर बनाने, हाई स्पीड रेल परियोजनाओं और पटरियों के विद्युतीकरण पर खर्च होगा। इन परियोजनाओं से रेलवे को अपना परिचालन बढ़ाने की मदद मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है, भारतीय रेलवे ने 2031 तक फ्रेट कॉरिडोर, एचएसआर और स्टेशन अपग्रेड में लगभग 16.7 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई है। प्रमुख परियोजनाओं में 1,309 स्टेशनों का पुनर्विकास और डीएफसी का विस्तार शामिल है।

। रिपोर्ट के अनुसार रेलवे 1,309




रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास और समर्पित फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के विस्तार को प्राथमिकता दे रहा है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी बढ़ रही है। लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) जैसी प्रमुख कंपनियां इन परियोजनाओं के लिए महत्वपूर्ण अनुबंध हासिल कर रही हैं। इस निवेश का एक प्रमुख उद्देश्य रेलवे की गति और दक्षता में सुधार करना है। सरकार लॉजिस्टिक्स बढ़ाने और परिवहन लागत को कम करने के लिए नए एचएसआर कॉरिडोर और अतिरिक्त डीएफसी के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

रिपोर्ट के अनुसार भारतीय रेलवे के लिए बजट आवंटन लगातार बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 21 में परिव्यय 1.55 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 25 में अनुमानित 2.65 लाख करोड़ रुपये हो गया है। इस अवधि में 14 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की गई। रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास इस योजना का एक प्रमुख हिस्सा है।

# गोल्ड डिपॉजिट स्कीम के कुछ हिस्से बंद

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम के कुछ हिस्सों को बंद कर दिया है। इस स्कीम में घर में रखे सोने को जमा करने पर 2.50त्न प्रतिशत तक ब्याज मिलता है। गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम में 1 से 3 साल, 5 से 7 साल और 12 से 15 साल के लिए गोल्ड जमा कर सकते है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि 5 से 7 और 12 से 15 साल वाली स्कीम को बंद कर दिया गया है। स्कीम बंद करने का कारण बाजार की बदलती परिस्थितियों और योजना के प्रदर्शन को बताया है। मंत्रालय ने कहा कि बैंक शॉर्ट टर्म गोल्ड डिपॉजिट ऑफर करना जारी रख सकते हैं।

गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम क्या



है?

साल 2015 में सरकार ने इसे शुरू किया था। इस स्कीम में आइडल गोल्ड (ऐसा सोना जिसका इस्तेमाल न हो रहा हो) को बैंक में जमा कर 2.5 प्रतिशत तक ब्याज कमा सकते हैं। इस योजना के तहत, जमा किए गए सोने को ज्वेलर्स को उधार देकर उत्पादक उपयोग में लाया जाता है।

गोल्ड मॉनेटाइजेशन स्कीम का मकसद देश के घरों, संस्थाओं, निगमों और मंदिर ट्रस्टों में पड़े निष्क्रिय सोने का इस्तेमाल करना है। इसके जरिए सोना की मांग को पूरा किया जाता है। सरकार इसके जरिए सोने के आयात पर देश की निर्भरता को कम करना चाहती है।

क्या 2015 के बाद से भारत में सोने का आयात वाकई कम हुआ है?

2015 में जब यह स्कीम शुरू की गई थी, तब गोल्ड इंपोर्ट 900 टन था। अब ये 780 टन है। यानी, सोने के आयात में कमी तो आई है।

# शेयर बाजार में सात दिनों से जारी बढ़त पर ब्रेक

## सेंसेक्स 729 अंक टूटा, निफ्टी 23500 के नीचे

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक पिछले सात दिनों की बढ़त के बाद बुधवार को लाल निशान पर बंद हुए। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 728.69 अंक या 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 822.97 अंक या 1.05 प्रतिशत गिरकर 77,194.22 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 181.80 अंक या 0.77 प्रतिशत गिरकर 23,486.85 पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 3 पैसे बढ़कर 85.69 (अनंतिम) के स्तर पर बंद हुआ।

बैंकिंग और आईटी शेयरों में मुनाफावसूली के चलते बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी




में सात दिन से जारी तेजी थम गई और ये बुधवार को करीब एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए। पिछले सात कारोबारी दिनों में बीएसई बेंचमार्क इंडेक्स 4,188.28 अंक या 5.67 फीसदी उछला। इसी अवधि में निफ्टी 1,271.45 अंक या 5.67 फीसदी चढ़ा।सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एनटीपीसी, टेक महिंद्रा, जोमैटो, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, इंफोसिस, मारुति, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा और पावर ग्रिड लाभ में रहे। एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो और हांगकांग सकारात्मक दायरे में बंद हुए, जबकि शंघाई में गिरावट रही। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए।

## राष्ट्रीय किसान एवं गौपालक सम्मेलन आयोजित

# गौ धन संरक्षण के साथ रसायन मुक्त कृषि को बढ़ावा दें- राज्यपाल बागडे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि भारत भूमि 'अन्नपूर्णा' है। उन्होंने कहा कि फसल की वृद्धि एवं उससे उत्पादन लेने के लिए जो तत्व चाहिए वे सब भूमि में मौजूद हैं। उन्होंने गाय के गोबर का खाद के रूप में उपयोग कर रसायन मुक्त कृषि पद्धति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। उन्होंने राजस्थान में देशी गाय के उपलब्ध दूध को महत्वपूर्ण बताया तथा गौ धन संरक्षण के लिए गौ शालाओं और अन्य किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

बागडे बुधवार को जयपुर में अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् द्वारा आयोजित राष्ट्रीय किसान एवं गौपालक सम्मेलन में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने राष्ट्र स्तरीय कृषि स्टार्टअप मेले के रूप में आयोजन को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वदेशी तकनीकों को प्रोत्साहन देने, किसानों के उत्पादों के प्रमाणन और ब्रांडिंग के लिए भी कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने प्राकृतिक खेती अपनाने और किसान की बाजार पर निर्भरता को खत्म कर उन्हें लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने गाय को कामधेनु बताते हुए कहा कि मनुष्य के पोषण का बड़ा आधार गाय है। उन्होंने गाय, किसान और प्रकृति संरक्षण के लिए सभी को मिलकर काम करने की आवश्यकता जताई।



राज्यपाल ने सभी स्थानों पर गौ पालन, औषधीय पौधों, सरकार की योजनाओं से किसानों को मिलने वाले लाभों, स्टार्टअप किसान हित में निवेशकों के सम्मेलन आदि की पहल करने पर जोर दिया। सम्मेलन में जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय के प्रो. बलराज सिंह, अतुल गुप्ता, पवन अरोड़ा आदि ने भी गौ आधारित कृषि को बढ़ावा दिए जाने की बात कही। राज्यपाल बागडे ने इससे पहले गौ पूजन किया और गाय को हरा चारा खिलाया। उन्होंने किसान मेले के विभिन्न स्टालों का भी अवलोकन किया।

## युवा संसद का हुआ शुभारंभ, नेता प्रतिपक्ष जूली बोले- बड़ी-बड़ी कंपनियों को चला रहे भारत के युवा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को खेल मंत्रालय की ओर से राज्य स्तरीय विकसित युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष जूली बोले देश विदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियों को भारत के युवा चला रहे है। जूली ने कहा कि 18 वर्ष के युवाओं को वोट डालने का अधिकार पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी ने दिया।



उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को आगे बढ़ाने में अग्रणीय भूमिका अदा की। उन्होंने कहा कि देश में कंप्यूटर और सूचना क्रान्ति राजीव गांधी लेकर आए।इसी क्रांति की बदौलत पूरी दुनिया में भारत के युवाओं का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा लेकिन तब दर्द होता है जब युवा अपने सपनो का गला घोंटकर आत्महत्या करता है।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन ऐसी खबरें सुननी को मिलती हैं,ऐसे हालात क्यों बन रहे है वर्तमान में इस पर गंभीर विचार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग के बीच पनपने वाले अवसाद को हम सभी को मिलकर दूर करना होगा। उन्होंने कहा कि हम सभी को सामूहिक रूप से मिलकर यह भूमिका निभानी चाहिए जिससे आत्महत्या के विचार का खात्मा हो सके और युवाओं को एक नई ताकत मिले। जूली बोले इस सदन में आने के लिए पता नहीं कितनी मेहनत करनी पड़ती है, कितने षड्यंत्र चलते हैं तब जाकर मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि हमारे अलवर के सांसद रहे भंवर जितेंद्र सिंह जब केंद्रीय युवा मंत्री थे, तब भारत से चीन में युवाओं का डेलिगेशन गया था, उसमें मुझे जाने का मौका मिला। देश में भी कई जगह युवा संसद में जाने का मौका मिला। जूली ने कहा कि युवाओं को ज्यादातर घर के लोग राजनीति से दूर ही रखना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि युवा जब तक राजनीति में भागीदार नहीं निभाएगा, राजनीति में नहीं आएगा, तब तक नए विचार राजनीति में कैसे आएंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी या अन्य कोई भी दल अपनी बात कहेंगे, सुनने पर सब सही लगता है। ऐसा लगता है सब सही कह रहे हैं लेकिन आप रिसर्च करेंगे तब पता लगेगा कि सही रास्ता कौन सा है।

## सीएम बोले-पूर्व सीएम ट्विटर से सुर्खियों में रहना चाहते हैं: गहलोत बोले- ढाई साल पुराना ट्वीट याद दिला रहा हूं, एमएसपी पर बाजरा कब खरीदेंगे?

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा और पूर्व सीएम अशोक गहलोत पुराने वादों और ट्वीटर पर सक्रियता को लेकर आमने सामने हो गए हैं। सीएम भजनलाल शर्मा ने गहलोत पर विधानसभा में नहीं आने और ट्वीटर पर सक्रिय रहकर सुर्खियों में रहने को लेकर तंज कसा। इस पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर सीएम भजनलाल शर्मा को विपक्ष में रहते हुए एमसपी पर बाजरा खरीदने के मांग पर किए गए प्रदर्शन के ट्वीट को याद दिलाते हुए पलटवार किया।



» बीकानेर में हुए किसान सम्मेलन में संबोधित करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा।

सीएम भजनलाल शर्मा ने गहलोत पर तंज कसते हुए कहा- हमारे पूर्व मुख्यमंत्री जी विधानसभा में एक भी दिन आए नहीं, लेकिन मैं कह सकता हूं वो आए दिन ट्विटर पर चलते हैं। वो सुर्खियों में रहना चाहते हैं और वह बात कहते हैं। मैं जरा उनसे कहना चाहता हूं आप ट्विट करते हैं, उससे पहले अपने ट्वीट तो देख लीजिए।

सीएम ने कहा- जब आपके 5 साल की सरकार थी उन कामों को देख लीजिए कि राजस्थान की जनता के लिए आपने क्या किया, ट्विटर से काम नहीं चलता है। राजस्थान की जनता के बीच जाना होता है। उनके दुख और दर्द को समझना पड़ता है। जो दुख और दर्द होता है उसे ठीक करने का काम भी सरकार का होता है।

### गहलोत का पलटवार, सरकार को डेढ़ साल हो रहा है, एमएसपी पर बाजरा कब खरीदेंगे?

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सीएम भजनलाल शर्मा पर पलटवार किया। गहलोत ने एक्स पर लिखा– आज मुख्यमंत्री जी ने एक सरकारी कार्यक्रम में जनता की शिकायतें बताने वाले और सरकार की कमियां उजागर करने वाले मेरे ट्वीट्स पर टिप्पणी की। मुख्यमंत्री जी, मैं आपको लगभग ढाई साल पुराना आपका यह ट्वीट याद दिलाना चाहता हूं जिसमें आप कांग्रेस सरकार से बाजरे की एमएसपी पर खरीद की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। गहलोत ने लिखा- मुख्यमंत्री जी, आपकी सरकार को अब डेढ़ साल होने जा रहा है। आपके घोषणा पत्र में भी बाजरे की एमएसपी पर खरीद का वादा था। आज आप बता ही दीजिए कि एमएसपी पर बाजरे की खरीद आप कब से शुरू करने वाले हैं?

### गहलोत ने कहा था- मुख्यमंत्री नए इसलिए कांग्रेस ने बड़ा आंदोलन नहीं किया

गहलोत ने पिछले दिनों विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा था कि मुख्यमंत्री और मंत्री नए बने हैं, हमारी पार्टी विधायक दल ने तय किया था कि इनको मौका देना चाहिए। पहली बार विधायक बने मुख्यमंत्री बने हैं, इनको मौका देना चाहिए और इसलिए कांग्रेस ने साल भर से कोई आंदोलन खड़ा नहीं किया। हमने मीडिया के माध्यम से अपनी बात कही। इनको समझ जाना चाहिए हम जो कहना चाहते हैं ,वह उनके हित में है। सरकार अगर अच्छी चलेगी अच्छी गवर्नेंस होगी तो फायदा किसको मिलेगा, जनता को मिलेगा। हमारा ध्येय है कि जनता को फायदा मिले, इसमें कोई समझौता नहीं हो।

## वनरक्षक पेपर लीक मामले में स्टेशन मास्टर गिरफ्तार

**जयपुर।** वनरक्षक भर्ती परीक्षा-2020 पेपर लीक मामले में एसओजी ने रेलवे स्टेशन मास्टर और कॉन्स्टेबल को गिरफ्तार किया है। स्टेशन मास्टर ने कॉन्स्टेबल की पत्नी को परीक्षा से पहले लीक पेपर पढ़ाने की व्यवस्था करवाई थी। इसके बदले 6 लाख रुपए दिए थे। एसओजी के एडीजी वीके सिंह ने बताया गिरफ्तार पूर्व कांग्रेस पार्षद नरेश देव उर्फ एनडी सारण ने पूछताछ में बताया कि टिमो (24) पत्नी लिखमाराम निवासी गांव जादुओ का तला, बाड़मेर हाल वनरक्षक रेंज चौहटन को 13 नवंबर 2022 की दूसरी पारी का सॉल्वड पेपर परीक्षा से पहले उदयपुर में पढ़ाया था। इसकी एवज में कंवरा राम चौधरी निवासी गांव जैरूपोनियो का तला (बालोतरा) ने उसे 6 लाख रुपए दिए थे। वह पालनपुर (गुजरात) में स्टेशन मास्टर है। वनरक्षक टिमों को 23 मार्च को गिरफ्तार किया गया। टिमो का पति लिखमाराम पुत्र घमंडाराम निवासी शोभाला जेतमाल, चौहटन (बाड़मेर) पेपर पढ़ाने के षड्यंत्र में शामिल था। वह चौहटन में ट्रैफिक पुलिस कॉन्स्टेबल है।

## निजी अस्पताल आरजीएचएस में अनुचित पैकेज बुकिंग से बचें – नवीन जैन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** वित्त (व्यय) विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना (आरजीएचएस) में अनुमोदित निजी अस्पतालों को अनुचित पैकेज बुकिंग से बचने की नसीहत दी है। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे दावों में कई अनियमितताएँ पाई गई हैं। कुछ निजी अस्पतालों द्वारा इस योजना में दस्तावेजों का एक से अधिक स्थानों पर उपयोग, ओपीडी को नियम विरूद्ध आईपीडी में परिवर्तित करना, अनावश्यक रूप से अधिक बिल तैयार करना तथा बिना आवश्यकता के अतिरिक्त जांचें करवा कर क्लेम राशि बढ़ाने जैसी गड़बड़ियां की जा रही हैं।




जैन ने मंगलवार को इस संबंध में वीसी के माध्यम से निजी अस्पतालों के प्रतिनिधियों से संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वित्त विभाग द्वारा आरजीएचएस की मॉनिटरिंग के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित विशेष ऑडिट सैल का गठन किया गया है, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर कई अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। वीसी वीडियो में पावरपॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया कि अस्पतालों द्वारा प्रस्तुत किए जा रहे दावों में कई अनियमितताएँ पाई जा रही हैं। इन सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए अस्पतालों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि जो अस्पताल बार-बार मामूली गलती के नाम पर गलत क्लेम प्रस्तुत कर रहे हैं, उनके खिलाफ वसूली, निलंबन एवं डी-एम्पैनलमेंट जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। नवीन जैन ने कहा कि निजी अस्पताल हाल ही में इस योजना से निलंबित किए गए अस्पतालों द्वारा की गई गलतियों से सीख लें जिससे इस तरह की गड़बड़ियों पर अंकुश लगाया जा सके । उन्होंने निजी अस्पतालों को योजना के दिशा-निर्देशों को भली-भांति समझने के लिए विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध गाइडलाइंस को पढ़ने की सलाह दी।

बैठक में अस्पताल प्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान कई उपयोगी सुझाव सामने आए, जिन पर आगामी 10 दिनों में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

## दो दिवसीय राजस्थान आईटी दिवस 2025 का आयोजन 27-28 मार्च को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर,।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की ओर से 'राजस्थान आईटी दिवस 2025' का आयोजन 27-28 मार्च को जयपुर स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में किया जाएगा। यह दो दिवसीय आयोजन राज्य में नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विस्तृत मंच प्रदान करेगा।




कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं, स्टार्टअप्स, निवेशकों, कॉर्पोरेट्स, भागीदारों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी प्रतिनिधियों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना है। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित होने वाले इस आयोजन में 4 हजार से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की उम्मीद है, जिसमें गणमान्य अतिथियों के साथ ही उद्योग संगठन, स्टार्टअप सीईओ और संस्थापक, मशहूर हस्तियां और देशभर से स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के प्रतिभागी शामिल होंगे।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग की शासन सचिव एवं आयुक्त श्रीमती अर्चना सिंह ने बताया कि राजस्थान आईटी दिवस 2025 राज्य के डिजिटल परिवर्तन और तकनीकी विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण कदम होगा। यह आयोजन राजस्थान को डिजिटल उद्यमिता और तकनीकी प्रगति के केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। यह न केवल प्रौद्योगिकी विकास को गति देगा, बल्कि युवाओं को नवाचार के लिए भी प्रेरित करेगा।

### पिच बैटल और गेम जैम होंगे मुख्य आकर्षण

राजस्थान आईटी दिवस 2025 तकनीक, रचनात्मकता और व्यावसायिक कुशलता का रोमांचक मिश्रण होगा। इसमें शामिल हैं। पैनल चर्चाएं: उद्योग के दिग्गज और विशेषज्ञ एआई के भविष्य, फिनटेक, सस्टेनेबल टेक इनोवेशन और राजस्थान में उद्यमिता की स्थिति जैसे विषयों पर गहन चर्चा करेंगे। प्रमुख प्रतिभागियों में अनुभव दुबे, संस्थापक, चाय सुट्टा बार, मोहित यादव, सह-संस्थापक, मिनिमलिस्ट, महावीर प्रताप, अध्यक्ष, आरवीसीएफ, भारत सेठी, संस्थापक, रेज कॉफी, गौरव खत्री, संस्थापक और सीईओ, नॉइज, आशीष कुलकर्णी, सह-अध्यक्ष, एवीजीसी, समीर जैन, प्रबंध निदेशक, प्राइमस पार्टनर्स आदि शामिल होंगे।

**पिच बैटल:** इस पहल के तहत 20 स्कूली स्टार्टअप संस्थापक अपने नवाचारी विचार निवेशकों के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। विजेताओं को फंडिंग और मेंटरशिप के अवसर मिलेंगे।

**स्टार्टअप बाजार:** 25 उत्पाद-आधारित कंपनियां अपने उत्पादों और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगी। स्टार्टअप एक्सपो: 50 होनहार टेक स्टार्टअप्स और 25 शैक्षणिक संस्थानों के नवाचारों का प्रदर्शन होगा। **क्षमता निर्माण कार्यशालाएं:** 500 से अधिक प्रतिभागियों के लिए एवीजीसी- एक्सआर, कोडिंग, रोबोटिक्स, एआई और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**गेम जैम:** 50 तकनीकी उत्साही और गेमर्स को वीआर गेमिंग और ई-स्पोर्ट्स का प्रतिस्पर्धी अनुभव प्रदान किया जाएगा। **एवीजीसी-एक्सआर प्रतिभा प्रदर्शन:** राजस्थान के फिल्म निर्माताओं और डिजिटल सिनेमा के नवाचारों को प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान किया जाएगा।

### आईटी मंत्री देंगे ई-गवर्नेंस पुरस्कार

आयोजन का समापन समारोह 28 मार्च को दोपहर 3 बजे से आयोजित किया जाएगा। आईटी मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड उपस्थिति में समापन समारोह में विभिन्न पहलों का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही ई-गवर्नेंस पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर ओबीएमएस पोर्टल और मोबाइल ऐप का लॉन्चिंग, रोजगार विभाग की नई वेबसाइट का उद्घाटन, स्टार्टअप्स को फंडिंग चेक वितरण और अटल उद्यमिता कार्यक्रम (एईपी) का शुभारंभ भी किया जाएगा।

## गणगौर फेस्टिवल के पोस्टर को भाजपा राष्ट्रीय महासचिव ने किया लॉन्च 29 मार्च को होगा आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** शिल्पी फाउंडेशन की ओर से गणगौर फेस्टिवल 2025 का आयोजन शनिवार 29 मार्च को होटल कुड़की हाउस में किया जाएगा। इस उत्सव के पोस्टर का विमोचन भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल ने किया। फाउंडेशन की संस्थापक शिल्पी अग्रवाल ने बताया कि इस समारोह का उद्देश्य राजस्थान की समृद्ध संस्कृति को बढ़ावा देना और महिला उद्यमियों को एक मंच प्रदान करना है, जहां वे अपनी कला, कौशल और उद्यमशीलता का प्रदर्शन कर सकें।

इस आयोजन में 400 से 500 महिलाएं पारंपरिक राजस्थानी परिधान और सोलह सिंगार के साथ भाग लेंगी, जो भारतीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत करेंगी। गणगौर फेस्टिवल का आयोजन नई पीढ़ी को भारतीय त्योहारों और संस्कृति से जोड़ने के उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि हमारी परंपराएं जीवित रहें और आने वाली पीढ़ियां उनसे प्रेरित हो सकें। फेस्टिवल के दौरान कई सांस्कृतिक और पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें ट्रेडिशनल ड्रेस प्रतियोगिता, बेस्ट कपल डांसिंग, सोलो डांसिंग, रैंप वॉक, घूमर नृत्य और गणगौर पूजा शामिल हैं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी रहेंगी, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक गोपाल शर्मा, आरएएस पंकज ओझा, अमित गोयल, डॉ. राजीव शर्मा, राहुल द्विवेदी और उप निदेशक पर्यटन विभाग उपेंद्र सिंह शेखावत उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद मंजू शर्मा करेंगी और मंच संचालन एंकर प्रीति सक्सेना द्वारा किया जाएगा।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में शिल्पी फाउंडेशन की संरक्षक सुनीता अग्रवाल व सदस्य रिंकी सैनी, वैभवी प्रकाश, कमलेश सोनी, शांति भटनागर, मनीषा गुप्ता और गुंजन अग्रवाल सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल: आईफा के 100 करोड़ अस्पतालों को मिलते तो जनता को राहत मिलती- अशोक गहलोत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर मौजूदा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को आड़े हाथों लिया है। गहलोत ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है और आम जनता इलाज के लिए भटक रही है।



गहलोत ने आईफा कार्यक्रम पर खर्च किए गए 100 करोड़ रुपए पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर यह राशि सरकारी अस्पतालों को मिलती तो जनता को ज्यादा राहत मिलती। उन्होंने कहाकि सरकार को इवेंट मैनेजमेंट की जगह जनता की स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान देना चाहिए। गहलोत ने राज्य के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी, डॉक्टरों की कमी और अन्य सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आम जनता को इलाज के लिए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जो उनकी जेब पर भारी पड़ रहा है।


गहलोत ने राज्य सरकार पर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर असंवेदनशील होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार को जनता की परेशानियों से कोई सरोकार नहीं है और वे केवल इवेंट मैनेजमेंट में व्यस्त हैं। गहलोत के इस बयान ने राजस्थान की राजनीति में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। भाजपा ने गहलोत के आरोपों को निराधार बताया है और कहा है कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

गहलोत के बयान से राज्य की जनता में चिंता बढ़ गई है। वे सरकार से स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की मांग कर रहे हैं। अब यह देखना होगा कि राज्य सरकार गहलोत के आरोपों पर क्या प्रतिक्रिया देती है और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाती है।

## रेलवे द्वारा गोल्डन टेम्पल एक्सप्रेस में महिला यात्री से छेड़खानी करने युवक पर कार्यवाई

**कोटा।** रेल मदद कंट्रोल रूम कोटा को गाड़ी संख्या 12903 मुम्बई सेन्ट्रल-अमृतसर गोल्डन टेम्पल एक्सप्रेस में आगे के जनरल कोच में मुम्बई से फरीदाबाद तक की यात्रा कर रही महिला यात्री से एक लड़के द्वारा छेड़खानी करने की शिकायत प्राप्त हुई। उक्त शिकायत पर रेलवे प्रशासन द्वारा गंभीरता के साथ तत्परता से संज्ञान लेते हुए आरपीएफ सवाईमाधोपुर पोस्ट के प्रधान आरक्षक विष्णु मीना को करवाई के लिए सूचित किया गया एवं गाड़ी के सवाई माधोपुर स्टेशन आगमन पर सहायक उप निरीक्षक मोतीलाल मीणा द्वारा महिला यात्री को अटेंड किया गया और मिसबिहेब करने वाले युवक को अग्रिम कार्यवाही हेतु उतारा गया। साथ ही उक्त व्यक्ति के विरूद्ध रेल अधिनियम की धारा 145 के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई। महिला यात्री ने रेल मदद पर तत्परता पूर्ण कार्यवाई पर संतुष्टि जाहिर करते हुए स्टाफ एवं प्रसाशन को सकुशल यात्रा के लिए सहृदय धन्यवाद दिया।

## शांति और संतुष्टि से मिलेगा आनंद



एसके मंगल

इच्छा पूर्ति आनंद का एक स्रोत हो सकती है। जब हमारी कोई इच्छा पूरी होती है, तो हमें एक प्रकार की संतुष्टि और खुशी महसूस होती है। यह आनंद हमारे मन और आत्मा को शांति और संतुष्टि प्रदान करता है। जब हमारी इच्छा पूरी होती है, तो हमें एक प्रकार की संतुष्टि महसूस होती है। हमें खुशी और आनंद महसूस होता है।इच्छा पूरी होने से हमें अपने आप पर और अपनी क्षमताओं पर विश्वास बढ़ता है। नई चीजें अनुभव करने का मौका मिलता है, जो आनंद और संतुष्टि प्रदान करता है। यह ध्यान रखना है कि इच्छा पूर्ति का आनंद हमेशा स्थायी नहीं होता है। कभी-कभी, इच्छा पूर्ति के बाद एक खालीपन या असंतुष्टि महसूस हो सकती है। इसलिए, महत्वपूर्ण है कि हम अपनी इच्छाओं को संतुलित और स्वस्थ तरीके से पूरा करने का प्रयास करें। आनंद की प्रकृति और इसके स्रोत के बारे में पूछता है। एक दृष्टिकोण के अनुसार, आनंद बाहरी सुख सुविधाओं पर निर्भर करता है। जब हमें अच्छी चीजें मिलती हैं, जैसे कि पैसा, संपत्ति, प्रतिष्ठा, आदि, तो हमें आनंद महसूस होता है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, आनंद का स्रोत बाहरी है और हमें आनंद प्राप्त करने के लिए बाहरी चीजों पर निर्भर रहना होता है। आनंद बाहरी सुख सुविधाओं पर निर्भर नहीं करता है। आनंद का स्रोत हमारे भीतर है, और हमें आनंद प्राप्त करने के लिए अपने भीतर की शांति, संतुष्टि, और आनंद को खोजना होता है। इस दृष्टिकोण के अनुसार, आनंद का स्रोत हमारे विचारों, भावनाओं, और अनुभवों में है और हमें आनंद प्राप्त करने के लिए अपने भीतर की दुनिया को समझना और अनुभव करना होता है। दोनों दृष्टिकोणों के बीच एक मध्य मार्ग भी हो सकता है, जो यह कहता है कि आनंद का स्रोत दोनों ही हो सकता है। बाहरी सुख सुविधाएं और हमारे भीतर की शांति और संतुष्टि।

## महिला सम्मेलन से हुआ राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों का आगाज



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वृहद स्तर पर 7 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में मंगलवार को मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने बाड़मेर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मातृवन्दन को समर्पित 'महिला सम्मेलन से राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से बूंदी जिले का भी वर्चुअल जुड़ाव रहा। बूंदी में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन नैनवां रोड स्थित शगुन होटल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा ऊर्जा विभाग के माध्यम से कुल 50 महिलाओं को इंडेक्शन कुक टॉप का वितरण किया गया। इसके उपरांत कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा कालीबाई भील योजना के अंतर्गत कुल 55 छात्राओं को मौके पर ही स्कूटीयों की चाबी सौंपी गई। मंच संचालन भूपेन्द्र शर्मा ने किया। इस दौरान जिला कलक्टर अक्षय गोदारा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पूर्व उपजिला प्रमुख आशा मीणा, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता के के शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधी, अधिकारीगण व बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही।

**26 मार्च को होगा किसान सम्मेलन का आयोजन:** राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को किसान सम्मेलन के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन सेंटर फॉर एक्सीलेंस में होगा।

**31 मार्च तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम:** 26 मार्च को 'किसान सम्मेलन एवं एफ.पी.ओ. कार्यक्रम' के मुख्य समारोह का आयोजन बीकानेर में तथा 27 मार्च को 'गरीब एवं अन्त्योदय' का मुख्य कार्यक्रम भरतपुर में आयोजित किया जाएगा। इसी तरह 28 मार्च को 'सुशासन समारोह' का आयोजन भीलवाड़ा में एवं 29 मार्च को 'युवा एवं रोजगार उत्सव' का आयोजन कोटा में होगा। राज्य स्तरीय 'सांस्कृतिक कार्यक्रम' 30 मार्च ( चैत्र शुक्ल प्रतिपदा) को एवं राज्य स्तरीय 'निवेश उत्सव' 31 मार्च को जयपुर में आयोजित किया जाएगा।

## आगामी हिंदू नववर्ष 29 मार्च के आयोजन के तहत बूंदी शहर की साज सजावट का कार्य प्रगति पर

**बूंदी।** आगामी हिंदू नववर्ष आयोजन को लेकर शहर के युवाओं और प्रबुद्धजनों में ऊर्जा का संचार चरम पर हे ऊर्जा का यह दृश्य बाजार की साज सजावट के तहत देखने को मिला, पूरा बाजार भगवां रंग में रंग गया है, ऐसा प्रतीत हो रहा है। आयोजन समिति से जुड़े मनमोहन अजमेरा,मनीष सिसोदिया ,संदीप श्रृंगी, स्वपनैश शर्मा,नवदीप नायक, सचिन नायक,अक्षय नायक, अमन नायक शिवा मेवाड़ा, युवराज नायक,अजय गोस्वामी, रोहित नायक, रानू हाडा एवं समस्त वानर सेना संगठन के कार्यकर्ता मार्केट की साज सज्जा में देर रात्रि तक योगदान देते रहे। अभी तक समिति से



जुड़े सदस्यों ओर वानर सेना संगठन के द्वारा मीरा गेट,चौगान गेट, इंद्रा मार्केट,कोटा रोड,तक का कार्य सम्पन्न किया गया। शेष, बाजारों को सजाने का कार्य निरंतर जारी है।

## नाबालिग बालिका के अपहरण के प्रयास के मामले मे बून्दी पुलिस की त्वरित ओर जबरदस्त कार्यवाही

## 11 साल की बालिका के अपहरण के प्रयास का आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा आई.पी.एस. के निर्देशन मे थानाधिकारी पुलिस थाना सदर रमेश चंद्र आर्य के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए बून्दी शहर मे 11 वर्षीय बालिका के अपहरण के प्रयास की घटना का त्वरित खुलासा करते हुए आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है उल्लेखनीय है कि अंकित राजपाल पुत्र राधाकिशन, निवासी माटून्दा रोड बून्दी ने दिनांक 23.03.2025 को उपस्थित थाना होकर रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 21.03.2025 को रात्री 8.30 बजे के आस पास मेरी पुत्री दुकान से सामान लेकर आ रही थी तभी उसके पीछे एक सफेद स्कुटी पर सवार युवक पीछे से आया और मेरी पुत्री का जबरन मुँह बंद किया और बालों से खींच कर स्कुटी पर बैठाने की कोशिश करने लगा । पुत्री के चिल्लाने पर मैं उस स्थान पर पहुचा तो स्कुटी वाला उसको धक्का देकर भाग गया। जिससे मेरी बच्ची के घुटने पर चोट लगी।, इत्यादि पर प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश माल मुलजिम शुरू की गई । जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा शहर में 11 वर्षीय बालिका के अपहरण के प्रयास की घटना को गंभीरता से लेते हुए वारदात का त्वरित खुलासा कर कर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु विशेष निर्देश दिये थे । उक्त निर्देशो की पालना मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा के निर्देशन व वृताधिकारी वृत बून्दी अरूण कुमार मिश्रा के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी सदर बून्दी रमेश चन्द आर्य पु.नि. के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम ने घटना के संबंध में तत्काल कार्यवाही करते हुए तकनीकी व आसूचना संकलन के माध्यम से कडी मेहनत कर 11 वर्षीय बालिका के अपहरण का प्रयास करने के आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है । मुंलजिम से घटना बाबत् अनुसंधान जारी है ।

## ई-केवाईसी, भूमि और भौतिक सत्यापन 31 मार्च तक पूर्ण करवाएं

**बारां।** प्रबन्धक (पीएम किसान) पीटी चन्द्रशेखर आजाद ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत लाभ से वंचित पात्र परिवारों को लाभ दिलवाए जाने हेतु पोर्टल पर भूमि सत्यापन, ई-केवाईसी और आधार सीडिंग अनिवार्य है जिस लाभार्थियों की भूमि सत्यापन, ई-केवाईसी और भौतिक सत्यापन नहीं हो रही है, वे लाभार्थी अपने हल्का पटवारी से सम्पर्क कर अपना पेंडिंग कार्य 31 मार्च 2025 तक पूर्ण करवा लें। साथ ही लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित बैंक शाखा से सम्पर्क कर आधार को बैंक खाते से लिंक करवाएं समय पर पेंडिंग समस्त कार्य पूर्ण नहीं होने से ऐसे लाभार्थी पोर्टल पर अपात्र हो जाएंगे बारां जिला के 18901 लाभार्थियों का ई-केवाईसी 7364 लाभार्थियों का आधार सीडिंग, 16310 लाभार्थियों का भौतिक सत्यापन एवं 2736 लाभार्थियों का पोर्टल पर भूमि सत्यापन नहीं होने से आगामी किस्त से वंचित रहेगें।

### जिला कलक्टर ने किया शहर का दौरा

# जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों, जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति एवं खेल संकुल के साथ ही अन्य विकास कार्यों का किया निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को बूंदी शहर का दौरा किया। उन्होंने जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखी और खेल संकुल में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने नगर परिषद के नव निर्मित भवन का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी ली एवं जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों के साथ ही नवल सागर झील का भी निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने मीरां गेट व महावीर कॉलोनी क्षेत्र में हो रहे जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति देखी और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में लगी टीमों की संख्या बढ़ाकर निर्माण कार्य में गति लाएं। उन्होंने कहा कि मानसून से पहले नाले के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो। साथ ही कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।



उन्होंने खेल संकुल परिसर में संचालित तरणताल का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि तरणताल का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से किया जावें ताकि आमजन को गर्मियों में इसकी सुविधा का लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निर्माणाधीन मल्टीपरपज हॉल के कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए गति बढ़ाई जावें एवं साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जावें। उन्होंने कुंभा स्टेडियम के पास नगर परिषद के नवनिर्मित भवन का अवलोकन किया और वर्तमान में पूर्ण हो चुके कार्यों के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा टाउन हॉल के निर्माण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने चित्तौड़ रोड़ पर चल रहे सीवरेज कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सीवरेज कनेक्शनों की संख्या बढ़ाई जावें साथ ही सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण कर लिए जावें।

जिला कलक्टर ने पर्यटन को बढ़ावा देने के दृष्टिगत नवल सागर झील पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण के कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि झील पर पुराने रोप-वे के ढ़ाचें को व्यवस्थित रूप से दूसरी जगह पर स्थानांतरित किया जावें।

उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन नवीन ब्लॉक के कार्यों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि श्रमिकों की संख्या बढ़ाकर कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। साथ ही कार्य प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए। जिला अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जावें।

इस दौरान नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर विजय,, आरएसआरडीसी के सहायक अभियंता सुरेंद्र गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन

### सेंटर फॉर एक्सीलेंस के सभागार में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी।** राजस्थान दिवस (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 30 मार्च) के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वृहद स्तर पर 7 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में बुधवार को दूसरे दिन जिला स्तरीय किसान सम्मेलन एवं किसान उत्पादक संगठन मेले का आयोजन बूंदी के सेंटर फॉर एक्सीलेंस के सभागार में किया गया। इस अवसर पर किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित किया गया।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से हुआ प्रसारण

बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का वीसी के माध्यम से जिले में सीधा प्रसारण किया गया। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों को 137 करोड़ रुपये अनुदान की



स्वीकृति राशि का डीबीटी हस्तांतरण एवं किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के मेले का शुभारंभ किया। इस के साथ ही पॉली हाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन इत्यादि हेतु 12 योजनाएं, बैल से खेती प्रोत्साहित करने हेतु योजना, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपए की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी, पशुधन स्वास्थ्य हेतु निःशुल्क औषधियों व टीकों की संख्या 138 से बढ़ाकर 200 तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा निर्देश भी जारी किए। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार महेश कुमार शर्मा ने बताया कि इस दौरान तारबंदी योजना के लिए 555 कृषकों को 171.35 लाख रूपए, सिंचाई पाइप लाइन के लिए 450 कृषकों को 67.50 लाख रूपये, छात्राओं को देय प्रोत्साहन राशि के लिए 650 कृषकों को 106.10 लाख रूपये, कृषि यंत्रो के लिए 684 कृषकों को 246.76 लाख रूपये, स्थाई वर्मी कम्पोस्ट इकाई के लिए 122 कृषकों को 61 लाख रूपये, गोवर्धन जैविक संवर्धन योजना के लिए 200 कृषकों को 20 लाख रूपये, फार्म पौण्ड के लिए 17 कृषकों को 6.68 लाख रूपये, जिला स्तर पर कृषक पुरस्कार के लिए 10 कृषकों को 2.50 लाख एवं ब्लॉक स्तर पर कृषक पुरस्कार के लिए 11 कृषकों को 1.10 लाख रूपये का अनुदान दिया गया है। कुल 2699 किसानों को 6 करोड़ 82 लाख 99 हजार अनुदान दिया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में परियोजना निदेशक आत्मा कौशल कुमार सौमाणी, उपनिदेशक कृषि (उद्यान) दुर्गालाल मौर्या, सहायक निदेशक कृषि राजेश कुमार शर्मा, जिला विस्तार अधिकारी शिवराज खींची, उप परियोजना निदेशक आत्मा सुरेश कुमार मीणा, कृषि अधिकारी रामसिंह चौधरी एवं कृषक उपस्थित रहें।

### आज होगा गरीब एवं अंत्योदय सम्मेलन का आयोजन

राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों की कड़ी में गुरूवार 27 मार्च को जिला स्तरीय गरीब एवं अंत्योदय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत् स्वामित्व योजनान्तर्गत लाभार्थियों को पट्टा/प्रॉपर्टी पार्सल वितरित किए जाएंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 10 बजे से शगुन मैरिज गार्डन में होगा।

# अंता के समीप भोज्याखेड़ी गांव में पुलिस ने निकला दोनों हमलावरों का जुलूस

### अंता प्रधान प्रखर कौशल सहित भाजपा नेताओं ने की थी यह प्रमुख मांग

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां।** जिले के अंता के समीप भोज्याखेड़ी गांव के एक मकान में चोरी की नीयत से घुसे दो हमलावरों ने चाकू से वार कर पिता पुत्र को गंभीर घायल कर दिया था। इस घटना की जानकारी मिलने पर आक्रोशित गांववासियों और अंता प्रधान प्रखर कौशल के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने थाने पर व्यापक प्रदर्शन कर हमलावरों



की गिरफ्तारी के साथ-साथ उनके जुलूस निकालने सहित इत्यादि मांगे की थी जिनको मानते हुए प्रशासन और पुलिस ने व्यापक पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में बुधवार को भोज्याखेड़ी गांव में जुलूस निकाला। घटना के उपरांत पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक लवाजमें को स्पष्ट शब्दों में अंता प्रधान प्रखर कौशल ने कहा था कि इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए तथा उन्होंने हम दोनों हमलावरों को तत्काल गिरफ्तार कर उनकी सार्वजनिक रूप से बिनोरी निकाले जाने एवं उनके मकान पर यदि अनधिकृत रूप से कब्जा है तो उसे पर बुलडोजर की कारवाई किया जाना भी सुनिश्चित की जाए। अंता प्रधान कौशल सहित अंता नगर पालिका अध्यक्ष रामेश्वर खंडेलवाल साहित इत्यादि नेताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं की मांगों पर पुलिस और प्रशासन ने अपनी सहमति जताई थी फलस्वरुप बुधवार को दोनों गिरफ्तार किए गए आरोपियों आशिक और आदिल को गिरफ्तार कर पहले अंत और फिर भोज्याखेड़ी गांव में जुलूस निकाला। पुलिस जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों में बताया कि वह लूडो खेल में 8 से 10 लख रुपए हार चुके थे कर्ज चुकाने के लिए उन्होंने चोरी की योजना बनाई थी। भोज्याखेड़ी गांव निवासी रामेश्वर मालव के घर चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया मगर जग हो जाने पर उनका बेटा नवल भी मौके पर पहुंच गया। यह देखकर दोनों हमलावरों ने चाकू से हमला कर दोनों पिता पुत्र को गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर में दिया आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का संदेश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय बारां के तत्वाधान में दिलीप कुमार माथुर के मार्गदर्शन एवं भेरूलाल वर्मा के संचालन में संचालित अनुसूचित जाति जनजाति स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर के स्काउट गाइड द्वारा आज सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने का रैली के माध्यम से आमजन को संदेश दिया। रैली को जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राजेंद्र कुमार शर्मा ने बारां जिले के सभी स्काउट गाइड को संदेश दिया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु अपने-अपने गांव ब्लॉक मोहल्ला में आम जन को



प्रेरित कर सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु जन जागरण के कार्य हर माह करें। इस अवसर पर सर्कल ऑर्गनाइजर प्रदीप चित्तौड़ा ने बताया कि एनवायरमेंट एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत बारां जिले में सतत उपयोग जीवन शैली ऊर्जा संरक्षण जल संरक्षण प्रदूषण पर रोक स्वच्छता कार्यक्रम आदि पूरे वर्ष भर संचालित किए गए और इस वर्ष भी माह अप्रैल से लगातार जारी रहेंगे। सर्किल ऑर्गनाइजर गाइड सुनीता मीणा ने स्काउट गाइड को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जिसमें सभी बालिकाओं एवं बालकों को किस प्रकार प्रतिकूल परिस्थिति में अपने आप को अनुकूल बनाया जा सकता है इसकी जानकारी प्रदान की। हेमराज बैरवा निदेशक जय श्री शारदे मां बाल विद्यालय ने स्काउट गाइड को पौधारोपण करने का संकल्प दिलाया। रोवर लीडर महेश सेन द्वारा प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण दिया गया। कमलेश मीणा ने सभी स्काउट गाइड को एडवेंचर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए एडवेंचर गतिविधियों की विस्तार से प्रायोगिक रूप से करते हुए उनमें शारीरिक विकास करने प्रशिक्षण दिया। लक्ष्य गोयल ने ले-आउट एवं शिविर कला की जानकारी प्रदान की। गाइडर मंजू मेमरोठ ने प्रशिक्षण में सहयोग प्रदान किया।

## कृषि क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विकास से उत्पादन बढ़ाः सांसद सिंह

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां/झालावाड़।** सांसद दुष्यंत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने कृषि विकास और किसान कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए हैं। यही कारण है कि पिछले दस सालों में हमारे देश में कृषि एवं कृषि आधारित उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी दर्ज हो रही है। सांसद सिंह गुरुवार को लोकसभा में कृषि अनुदान पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री की उन्नत सोच के चलते ही देश में कृषि क्षेत्र में आधारभूत संरचना के विकास पर काम शुरू हुआ। कृषि के क्षेत्र में शिक्षा, शोध एवं विस्तार के लिए बजट के विशेष प्रावधान किए गए। इसी का परिणाम रहा कि सूक्ष्म सिंचाई परियोजनाएं, उन्नत बीज, आधुनिक बाज़ार, बेहतर समर्थन मूल्य, फसल बीमा योजना की उपादेयता के कारण हमारे देश का किसान समृद्धि के मार्ग पर चल पड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने ही किसानों को परंपरागत खेती से जोड़ने के अभिनव प्रयास शुरू किए।



रासायनिक खाद और कीटनाशकों से मुक्त अनाज से देश की आम जनता को बीमारियों से छुटकारा दिलाने कि पहल इसी सरकार की सोच का परिणाम है।

सिंह ने कहा कि 2016-17 से 22-23 तक के आंकड़े बताते हैं कि इस दौर में हमारा कृषि उत्पादन पाँच प्रतिशत बढ़ा है, इसी के साथ डेरी, मत्स्य पालन और पशुपालन के क्षेत्र में 6.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने वर्ष 2025-26 के कृषि बजट की सराहना करते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह का आभार व्यक्त किया है।

## पोक्सो एक्ट के प्रकरण मे बून्दी पुलिस की प्रभावी कार्यवाही, नाबालिग के साथ दुष्कर्म का आरोपी सोनू मीणा गिरफ्तार

**बूंदी।** जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी राजेन्द्र कुमार मीणा आई.पी.एस. ने बताया की थानाधिकारी पुलिस थाना रायथल के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा पोक्सो एक्ट के प्रकरण मे प्रभावी कार्यवाही करते हुए आरोपी सोनू मीणा पुत्र रामलाल जाति मीणा उम्र 23 साल निवासी अस्तोली पुलिस थाना सदर जिला बूंदी को गिरफ्तार करने मे सफलता मे सफलता प्राप्त की है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 11.03.25 को फरियादी ने उप. थाना होकर रिपोर्ट पेश की कि दिनांक 10-03-2025 को मे मेरी पत्नी ,मेरी बच्ची खाना खा कर करीब 10-11 बजे सो गये थे । सुबह करीब 5 बजे मेरी पत्नी उठी तो मेरी लडकी उसके बिस्तर मे नही मिली । मेरी पत्नी ने मुझे जगाया और लडकी के बारे मे बताया मैने सुबह मेरे परिवार रिश्तेदारी मे तलाश किया तो कही पता नही चला मुझे मेरी पुत्री के पलंग पर एक किपेड मोबाइल मिला जिस पर सोनू मीणा पुत्र रामलाल निवासी अस्तोली के द्वारा बातचीत करना पाया गया मेरी पुत्री को सोनू मीणा ही बहला फुसला कर भगा कर ले गया है । इत्यादि पर सुसंगत धाराओ मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया ।

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही ङ्क जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी द्वारा महिला अत्याचार एंव पोक्सो एक्ट के



प्रकरणो का त्वरित एंव विधिवत अनुसंधान करने एवं प्रकरणो मे फरार अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार कर प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के आदेशो की पालना मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी उमा शर्मा के मार्गदर्शन मे वृत्ताधिकारी के0पाटन आशीष कुमार भार्गव के सुपरविजन में राजाराम जाट उप निरीक्षक थानाधिकारी थाना रायथल के नेतृत्व मे पुलिस टीम द्वारा प्रकरण दर्ज होने के बाद नाबालिग लडकी को दस्तयाब किया गया । बयान लेखबद्ध किये गये अनुसंधान किया गया । प्रमाणित पाया जाने पर दिनांक 26.03.25 को आरोपी सोनू मीणा पुत्र रामलाल जाति मीणा उम्र 23 साल निवासी अस्तोली पुलिस थाना सदर जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया । मुलजिम से अनुसंधान जारी है ।

## विद्या भारती के वार्षिकोत्सव नवरस 2025 में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक



**बारां/छबड़ा।** विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय द्वारा संचालित कबीर सेवा बस्ती संस्कार केंद्र का वार्षिक उत्सव उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें संस्कार केंद्र के नन्हे नन्हे छात्र-छात्राओं ने भारतीय संस्कृति पर आधारित बेहतरीन प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्शकों को मंत्रम मुग्ध कर दिया। संस्कार केंद्र प्रमुख हंसराज मेहरा प्रधानाचार्य अमृतलाल मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्या भारती की योजना से संस्कार केंद्र का वार्षिक उत्सव नवरस 2025 आयोजिन के मुख्य अतिथि राजेंद्र माहेश्वरी समाजसेवी रहे समारोह के अध्यक्षता अशोक कुमार भार्गव अध्यक्ष आदर्श विद्या मंदिर समिति द्वारा की गई तथा विशेष अतिथि मनोज कुमार गगरानी अतिथि रामेश्वर बारबर संस्कार केंद्र भार्गव शोभा भार्गव एवं संजू माहेश्वरी रहे कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया कार्यक्रम में संस्कार केंद्र के बालकों द्वारा देशभक्ति गीत, कविता,योग शारीरिक एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित रंगमंचीय कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सेवा बस्ती एवं समाज के नागरिकों ने उपस्थित होकर भैया बहनों का उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले सभी बालकों को प्रबंध समिति सदस्य मनोज गगरानी द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी भैया बहनों के लिए 50 टी-शर्ट एवं पाठ्य सामग्री दी।

## मुख्यमंत्री करेंगे संवादः जिला स्तरीय गरीब एवं अन्त्योदय कार्यक्रम में लाभार्थियों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

**बारां।** राज्य सरकार द्वारा राजस्थान स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में 27 मार्च को गरीब एवं अन्त्योदय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, श्रम विभाग, पंचायती राज विभाग, डेयरी, स्वायत्त शासन विभाग, उद्योग विभाग, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग की योजनाओं की दिशा-निर्देशिका का विमोचन, पट्टा वितरण उपकरण, डीबीटी के माध्यम से लाभार्थियों के खातों में राशि का हस्तांतरण एवं फ्लेटो के आवंटियों को चाबी वितरण, दिव्यांगजनों को डिवाइस का वितरण किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री महोदय लाभार्थियों को संबोधित करेंगे, तथा वर्चुअल माध्यम से संवाद करेंगे जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला परिषद बारां के प्रथम तल हॉल में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# राजस्थान दिवस : किसान सम्मेलन के दौरान प्रगतिशील किसान दुर्ग सिंह की मुख्यमंत्री से बात

## » राज्य सरकार की योजनाओं से जिले के किसानों को मिला सीधा लाभ

### जिला स्तरीय किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान दिवस समारोह के दूसरे दिन धौलपुर में जिला स्तरीय किसान सम्मेलन भव्य आयोजन नगर परिषद ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम में जिले के किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित किसानों ने सरकार की कल्याणकारी नीतियों की सराहना की।



» धौलपुर..राजस्थान दिवस दित्तीय दिन हुआ किसान सम्मेलन के दौरान वीसी में किसान से बात करते मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं मौजूद जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं भाजपा नेता शिवचरण सिंह कुशवाह

#### वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण

सम्मेलन के दौरान बीकानेर में आयोजित राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन का सीधा प्रसारण किया गया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 30 हजार किसानों के लिए 137 करोड़ रुपये की अनुदान राशि का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) किया और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पॉलीहाउस, सौर पंप, कृषि उपकरण, प्याज भंडारण, मधुमक्खी पालन सहित 12 योजनाओं को मंजूरी दी गई। बैल से खेती को प्रोत्साहन देने हेतु विशेष योजना की घोषणा की गई। साथ ही, किसान सम्मान निधि की राशि में 1000 रुपये की वृद्धि, मंगला पशु बीमा योजना में पशुओं की संख्या दोगुनी करने, पशुधन स्वास्थ्य हेतु मुफ्त औषधियों एवं टीकों की संख्या138 से बढ़ाकर 200 करने तथा मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के दिशा-निर्देश जारी किए गए।

#### जिले के किसान दुर्गसिंह की मुख्यमंत्री से हुई बात

किसान सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिले के प्रगतिशील किसान दुर्गसिंह से संवाद किया। इस दौरान किसान दुर्गसिंह ने बताया कि उन्हें सोलर पंप सेट की स्थापना हेतु राज्य सरकार से 88 हजार 50 रूपये तो वहीं केंद्र सरकार से 58 हजार 700 रूपये तथा अनुसूचित जनजाति के लिए अतिरिक्त सब्सिडी के रूप में 45 हजार रुपए की सब्सिडी प्राप्त हुई है। सोलर पंप सेट की स्थापना से वे अपने खेत पर बिजली हेतु आश्रित नहीं है और न ही बिजली बिल का कोई खर्च है, उन्हें तारबंदी योजना के तहत भी अनुदान राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने सोलर पंप स्थापना हेतु सरकार की अनुदान योजनाओं के लिए धन्यवाद व्यक्त किया।

#### जिले के किसानों को योजनाओं का लाभ, आर्थिक संबल की दिशा में अहम कदम

इस दौरान धौलपुर के 41 किसानों को मुख्यमंत्री बीज गांव योजना के तहत 2 लाख 28 हजार रुपये, जैविक खेती हेतु 9 किसानों को 2 लाख 71 हजार रूपये, 3 किसानों को वर्मी कंपोस्ट इकाई के लिए प्रति कृषक 50 हजार रुपये की सहायता दी गई। इन योजनाओं से किसानों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।इस अवसर पर जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल सिंह, उद्यानिकी विभाग के उपनिदेशक डॉ. तनोज चौधरी, भाजपा नेता डॉ शिवचरण कुशवाह सहित अधिकारीगण एवं भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, एक की मौत, तीन घायल



» धौलपुर...दुर्घटनाग्रस्त स्कॉर्पियो और मोर्चरी के बाहर खड़े मृतक के परिजन

### आवारा जानवर को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा, 20 दिन पहले हुई थी शादी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** सड़क पर अचानक आए आवारा जानवर को बचाने के चक्कर में स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे स्कॉर्पियो एक युवक की मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बसेड़ी रोड स्थित कुहावनी गांव के पास बुधवार सुबह 8 बजे की है।

#### 20 दिन पहले हुई थी शादी

सदर एएसआई कमपोटर सिंह ने बताया कि मीरपुर गांव निवासी विनोद कोली (24) की शादी 20 दिन पहले 6 मार्च को बरौली में हुई थी। जो आज सुबह अपने चाचा जगमोहन, भतीजे तरुण और नितिन के साथ बसेड़ी गया था। जो बाड़ी वापस लौट रहा था। इस दौरान कुहावनी गांव के पास सड़क पर अचानक से आए आवारा जानवर को बचाने के कारण स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिससे गाड़ी में सवार विनोद कोली की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं तरुण और नितिन, जगमोहन गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सदर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को एंबुलेंस से बाड़ी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर तरुण और नितिन की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें धौलपुर रेफर किया गया है। वहीं जगमोहन का इलाज बाड़ी में चल रहा है। पुलिस ने विनोद का शव पोस्टमॉर्टम के लिए सरकारी अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया है। जहां परिजनों के पंचनामा के आधार पर पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की है। अभी परिजनों द्वारा रिपोर्ट नहीं दी गई। मामले की जांच जारी है।

#### पंजाब में मार्बल मिस्त्री का करता था काम

बता दें कि विनोद कोली पंजाब में मार्बल मिस्त्री का काम करता था। जिसके 3 भाई थे। उसके पिता जसपाल खेती-किसानी करते हैं।

# आई-रैड के डेटा को अध्ययन कर दुर्घटना निरोधात्मक कार्यवाही करें- हरिराम मीना

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा विशेष टास्क फॉर्स एवं सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि एनएचएआई के अधिकारी राजमार्ग पर ब्लैक स्पॉर्टस् के मामले में उदासीनता न बरतें, यह लागों के जीवन का मामला है। सभी विभाग सड़क सुरक्षा हेतु दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करना सुनिश्चित करें। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु आई-रैड के डेटा को अध्ययन कर दुर्घटना निरोधात्मक कार्यवाही करें। सड़क दुर्घटनाओं के कारणों और इसे रोकने के उपायों के संबंध में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।



» धौलपुर...बैठक में निर्देश देते अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना

नेशनल हाईवे अथॉरिटी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सम्भावित दुर्घटना प्रभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर सांकेतिक बोर्ड एवं निर्धारित गति सीमा को नियंत्रित करने के लिए गति अवरोधक लगाना सुनिश्चित करें एवं दुर्घटना सम्भावित क्षेत्रों में दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष ध्यान दिया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं के संभावित क्षेत्रों व ब्लैक स्पॉट, घुमावदार सड़क तथा ब्लाइंड स्पॉट से पूर्व साइनेज लगाने के निर्देश दिए।

बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी एवं अन्य सदस्य मौजूद रहे

# सड़क हादसे में 12 वर्षीय छात्र की मौत, परीक्षा देकर लौट रह था

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** बुधवार को नवोदय स्कूल के पास एक सड़क हादसे में 12 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। वहीं, पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। छात्र परीक्षा देने के बाद पिता के साथ बाइक से घर लौट रहा था।

बिलोनाी सरमथुरा निवासी योगेश मीणा नवोदय स्कूल में कक्षा 6 का छात्र था। वह अशोक विहार कॉलोनी में किराए पर रहता था। बुधवार को परीक्षा देने के बाद योगेश अपने पिता राजेंद्र मीणा के साथ बाइक पर घर लौट रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में योगेश की मौके पर ही मौत हो गई। उसके पिता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

# बड़ी रेल लाइन के भू अर्जन को लेकर तहसील कार्यालय में आपत्ति शिविर का आयोजन

### किसानों का आरोप, नहीं कर रहे रेल और प्रशासन के अधिकारी सुनवाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में बड़ी रेल लाइन के भू अर्जन को लेकर तहसील कार्यालय में आपत्ति शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में धौलपुर एसडीएम साधना शर्मा और बाड़ी एसडीएम भगवत शरण त्यागी एवं रेलवे अधिकारियों की मौजूदगी में लगाया गया। जिसमें किसानों से उनकी आपत्ति मांगी गई। जिससे उनका निस्तारण किया जा सके। इस दौरान मौके पर पहुंचे सैकड़ो किसानों ने रेल लाइन को रिंग रोड के अंदर से निकाले जाने पर विरोध जताया। किसानों ने यहां तक आरोप लगाया कि रेलवे के अधिकारी और प्रशासनिक अधिकारी उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे। ऐसे में जबरन शहर के बीच से जुल्मी रेल लाइन डाली जा रही है।



» बाड़ी...मुआवजे को लेकर एकत्रित हुए किसान और प्रशासनिक अधिकारियों से उचित मुआवजे की मांग करते किसान

किसानों का नेतृत्व कर रहे मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सैफ सईद खां ने बताया की शहर के रिंग रोड के अंदर मौजूद ईदगाह, कब्रिस्तान, कई कॉलोनी और घरों के बीच में से यह रेल लाइन डाली जा रही है। जो पुराना रूट है उसको छोड़ गया है। जो लोगों के कतई हित मे नहीं है। उक्त मामले को लेकर वे पूर्व में भी आपत्ति शिविरों में अपना विरोध और आपत्ति दर्ज करा चुके हैं लेकिन उसे पर कोई सुनवाई या कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि रेलवे द्वारा किसानों के भूमि अर्जन को लेकर जो मुआवजे की राशि दी जा रही है वह भी बहुत कम है। मुआवजा राशि डीएलसी दर के कम से कम 8 गुना दी जानी चाहिए।

आपत्ती शिविर की मुख्य अधिकारी धौलपुर एसडीएम साधना शर्मा ने बताया कि आज 70 से 80 लोगों की आपत्तियां दर्ज की गई है। जिनका सही रूप से समाधान किया जाएगा। किसानों को अधिक से अधिक मुआवजा मिल सके। डीएलसी दर से उनकी भूमि का जो भी मुआवजा बनता है वह मिले। इसका प्रयास रहेगा। जिला कलेक्टर के माध्यम से रेलवे के उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करा जल्द समस्याओं का समाधान होगा।

# जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय ने शुरू की ठंडे जल और शर्बत की प्याऊ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जल का संरक्षण और सही उपयोग करना हम सभी का कर्तव्य है। पानी को व्यर्थ न बहायें। भीषण गर्मी में यही जल लोगों की प्यास बुझाता है। लोगों को गर्मी के मौसम में जगह-जगह निशुल्क प्याऊ लगाना चाहिए, जिससे आमजन प्यास लगने पर आसानी से पानी पी सके। यह बात बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा राजेश शर्मा ने प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय के कार्मिकों द्वारा जिला कलेक्ट्रेट पर मीठे जल की प्याऊ के शुभारंभ पर कही। उन्होंने अपने हाथों से कैलादेवी यात्रियों से लेकर राहगीरों को पानी पिलाया।



» बाड़ी...यात्रियों को शरबत पिलाते हुए

जिला कलक्टर के निजी सचिव अर्जुन सिंह ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को ठंडा व मीठा पानी पिलाने का कार्य अपने आप में अलग महत्व रखता है। इससे बड़ा पुण्य क्या का कार्य क्या हो सकता है कि गरमी के मौसम में यात्रियों व राहगीरों को ठंडा पेयजल मुहैया हो जाए। जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल अवस्थी ने बताया कि इन दिनों कैलादेवी का मेला चल रहा है तथा धौलपुर से इसी मार्ग से बड़ी संख्या में यात्री कैलादेवी जाते हैं,

तो गर्मी को देखते हुए कार्यालय के कार्मिकों द्वारा मेला समाप्ति तक प्रतिदिन यात्रियों व राहगीरों को ठंडा पानी व शर्बत पिलाने का निर्णय लिया है। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी मनोज मरैया, लेखाधिकारी परमानन्द शर्मा, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी लोकेंद्र सिंह, सहायक प्रशासनिक अधिकारी जगदीश वर्मा, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र कुमार, प्रशांत सोनी, प्रशांत श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक मनोज कुमार, अमन यादव, एमआईएस सत्येंद्र सिंह परमार, कानूनी सलाहकार, भरत सिंह गुर्जर व मुन्ना, योगेंद्र, लोंगश्री, नरेश परमार, चोब सिंह सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# महात्मा गांधी कंप्यूटर पर महिला निःशुल्क कंप्यूटर बैच का उद्घाटन



» बाड़ी...निशुल्क कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन करती महिला पदाधिकारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** डिजिटल युग में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, महात्मा गांधी कंप्यूटर, बाड़ी में महिलाओं के लिए निशुल्क कंप्यूटर शिक्षा बैच का शुभारंभ किया गया। इस बैच का उद्घाटन ग्रहणी अंजलि गर्ग व रश्मि गर्ग के द्वारा किया गया

संस्था के डायरेक्टर अजय गर्ग ने कहां कि यह उद्घाटन एक घर संभाले वाली ग्रहणी से इसलिए कराया गया है कि उसे भी है लगना चाहिए कि वह एक सामान्य महिला नहीं है वह भी बहुत कुछ कर सकती है। यह विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग तथा महात्मा गांधी कंप्यूटर संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को कंप्यूटर टीचर दीपक नागर द्वारा 90 दिनों का निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें आरएससीआईटी (बेसिक कंप्यूटर कोर्स) और आरएससीएफए (टैली कोर्स) शामिल हैं। इस अवसर पर अजय गर्ग ने कहा यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को डिजिटल सशक्तिकरण की ओर बढ़ाने का एक सार्थक प्रयास है। निशुल्क शिक्षा के माध्यम से महिलाएं कंप्यूटर ज्ञान अर्जित कर न केवल आत्मनिर्भर बन सकेंगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्राप्त करेंगी।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी महिलाओं को अध्ययन सामग्री भी वितरित की गई। इस पहल से सैकड़ों महिलाओं को कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर मिलेगा, जिससे वे आगे चलकर अपने करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकेंगी।

# तन, मन, धन से सेवा और भक्ति करने वाला ही धनवान - आचार्य कृपाशंकर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** धनवान वही व्यक्ति है जो अपने तन, मन, धन से सेवा और भक्ति करे। यह भगवान की कृपा से ही संभव हो सकता है। उक्त वक्तव्य वृंदावन निवासी आचार्य कृपाशंकर ने स्थानीय गंगा बेटी मंदिर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन कथा पीठ से श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए दिया। कथा को आगे बढ़ाते हुए पूतना वध, माखन चोरी, काली दह, चीर हरण, गोवर्धन पूजा आदि लीलाओं का विस्तृत वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के पैदा होने के बाद कंस उसको मौत के घाट उतारने के लिए अपनी राज्य की सर्वाधिक बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। पूतना वेश बदलकर भगवान श्रीकृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण उसको मौत के घाट उतार देते हैं। उसके बाद कार्तिक माह में ब्रजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन का कार्यक्रम करने की



तैयारी करते हैं। भगवान कृष्ण द्वारा उनको भगवान इंद्र की पूजन करने से मना करते हुए गोवर्धन महाराज की पूजन करने की बात कहते हैं। इंद्र भगवान उन बातों को सुनकर क्रोधित हो जाते हैं। वह अपने क्रोध से भारी वर्षा करते हैं। जिसको देखकर समस्त ब्रजवासी परेशान हो जाते हैं। भारी वर्षा को देख भगवान श्रीकृष्ण गोवर्धन पर्वत को अपनी कनिष्ठा अंगुली पर उठाकर पूरे नगरवासियों को पर्वत को नीचे बुला लेते हैं। जिससे हार कर इंद्र एक सप्ताह के बाद वर्षा को बंद कर देते हैं। कथा के यजमान विजय सिंह राना और नीतू राना ने जय सिंह राना, वासुदेव शर्मा, प्रदीप राना, जीतेन्द्र सिंह ज्योति, राम कुमार सिंह, श्याम सिंह, अनिल चौधरी, धर्मवीर सिंह प्रगति, गोविंद सिंह राना, अभय राना, मनोज राना, विजय सिंह वोवले, राहुल राना, विजेंद्र सिंह राना, रजनीकांत शर्मा, नरेंद्र सिंह, नीतू राना, अंकुर राना, कुणाल, गौरव राना आदि भक्तों के साथ कथा व्यास और श्रीमद्भागवत की पूजा-अर्चना कर विश्व कल्याण की कामना की। इस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया और प्रसादी ग्रहण की।

# एएनएम और आशा सहयोगिनियों को दिया प्रशिक्षण

**धौलपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जपाईगो संस्था के सहयोग से चलाये जा रहे बॉर्न हेल्दी कार्यक्रम के अंतर्गत महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनी को सामूहिक प्रसव पूर्व जांच पर विशेष प्रशिक्षण बुधवार को दिया गया। ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिए गए प्रशिक्षण में गर्भावस्था देखभाल पोषण टीकाकरण प्रसवपूर्व जटिलताओं की पहचान पर जोर दिया। आशा और ए. एन. एम. को गर्भवती महिलाओं को सही परामर्श देने और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने की जानकारी दी गई। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिवकुमार शर्मा ने बताया कि सामूहिक प्रसवपूर्व देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिला खुद अपना स्वयं का स्वास्थ्य आंकलन कर पाएगी। कार्यक्रम के तहत सामूहिक प्रसवपूर्व जांच को बढ़ावा देना और आंगनबाड़ी केंद्र पर परामर्श के जरिए स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य दिवस सत्र में आयोजित करने व समुदाय मे जागरूकता फैलाने पर जोर रहेगा। इससे मातृ और शिशु मृत्यु दर मे कमी की उम्मीद है। इस दौरान जपाईगो से सुमित पुरी,ब्लॉक सुपरवाइजर साहब सिंह, सरनाम सिंह सहित एएनएम, आशा सहयोगिनी उपस्थित रही।

# बजरंग वाहिनी द्वारा किया 92वां सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** बजरंग वाहिनी द्वारा 'चलो चलें सनातन की ओर' अभियान के तहत मंगलवार शाम को गायत्री मंदिर पर 92वें हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। हनुमान चालीसा पाठ के बाद समस्त बजरंग वाहिनी द्वारा 30 मार्च को मचकुण्डधाम पर हिन्दू नव वर्ष व राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित महा दीपदान कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पधारने के लिए सर्व समाज से अपील की। विवेक शर्मा ने अपील करते हुए कहा कि आओ हम सभी अपने भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 एवं राजस्थान दिवस के अवसर पर 30 मार्च को शाम 6 बजे से तीर्थराज मचकुण्ड पर दीपोत्सव मनाकर स्वागत करें और अपनी सनातनी संस्कृति का पालन करें। कार्यक्रम में अशोक सिकरवार, घनश्याम शर्मा जारगा, श्रीकृष्ण सोनी, सचिन चौहान, संजय परमार, पुनीत शर्मा, युवराज राणावत, विनीत शर्मा, हनी शर्मा, विवेक मुदगल, अनुज शर्मा, श्याम शर्मा, रूद्रप्रताप, रूद्र शर्मा आदि सभी वाहिनी सदस्यों ने 30 मार्च को मचकुण्डधाम पर आयोजित दीपदान कार्यक्रम में सर्व समाज से अधिक से अधिक संख्या में पधारने के लिए अपील की एवं प्रत्येक मंगलवार व शनिवार को अपने नजदीकी मंदिरों पर कम से कम 30 मिनट का समय निकालकर हनुमान चालीसा का पाठ करें और अपनी युवा पीढ़ी को सनातन संस्कृति के प्रति जागरूक करें।



» धौलपुर...हनुमान चालीसा पाठ करते भक्तजन

# उपभोक्ताओं ने समझौता कर 20 लाख की राशि कराई जमा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** बुधवार को कंचनपुर जीएसएस बाड़ी पर, बकाया राशि वाले विद्युत उपभोक्ताओं के लिए आयोजित कैंप के दौरान, कुल 230 विद्युत उपभोक्ताओं ने समझौता समिति आईजीआर के माध्यम से, अपने बकाया विद्युत बिलों का निस्तारण कराया, तथा करीब 90 विद्युत उपभोक्ताओं ने समझौता द्वारा मौके पर ही 20 लाख रुपए की बकाया राशि जमा करवाई।

कैंप के दौरान अधीक्षण अभियंता राजेश वर्मा धौलपुर, तपेश कुमार सहायक लेखा अधिकारी धौलपुर, व राम दास मीणा सहायक अभियंता बाड़ी, वह कनिष्ठ अभियंता कुलदीप शर्मा मौजूद रहे।



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-1, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, प्रबंध संपादक बेनी प्रकाश खोरानिया मोबा. 9549977995 : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।